दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 17 | अंक 41 | सीकर, बुधवार 08 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8





### पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि का रोडमैप तैयार, सम्मेलन से नवाचार होंगे साझा, कृषि को मिलेगी नई दिशा : शिवराज

## किसान पारंपरिक तरीकों के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं, कृषि में नई ऊंचाइयां छू रहा राजस्थान : भजनलाल

जयपुर।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारत की रीढ़ है तथा किसान इस देश की आत्मा है। केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके जीवन स्तर में सुधार करते हुए कृषि में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने राजस्थान में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि का रोडमैप तैयार किया गया है। श्री चौहान ने अन्य राज्यों को भी इस नवाचार का अनुसरण करने का संदेश दिया। श्री चौहान ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक विविधताओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पहला क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का शुभारंभ राजस्थान से किया गया है। उन्होंने खेती से जुड़े इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का राजस्थान में आयोजन होने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा तथा राजस्थान राज्य शामिल है तथा इस सम्मेलन में कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं, चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का एक मंच मिलेगा। साथ ही, सम्मेलन से राज्यों के बीच आपसी समन्वय व नवाचारों को भी साझा कर कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।

### कृषि का विविधीकरण और एकीकृत कृषि प्रणाली तकनीकों का हो उपयोग-

केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं। पहला, देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति मिले। दूसरे लक्ष्य के तहत किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, तीसरे लक्ष्य के रूप में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए उत्पादन वृद्धि, कृषि का विविधीकरण और एकीकृत कृषि प्रणाली जैसी पहलों के माध्यम से पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### राज्य फार्मर आईडी के तहत 100 प्रतिशत किसानों का करे पंजीकरण-

श्री चौहान ने कहा कि सभी राज्य मिशन मोड पर कार्य करते हुए फार्मर आईडी के तहत शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण करवाए जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सके। प्राकृतिक आपदाओं द्वारा उत्पन्न जोखिमों से किसानों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन करें, जिससे किसानों को बीमा योजना का लाभ त्वरित मिल सके। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह तय किया है कि देश की कृषि योजनाओं में राज्यों को उनकी भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार देय राशि में लचीलापन दिया जाए, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने राज्यों को कृषि बजट के तहत आवंटित राशि का प्रभावी उपयोग तथा फसलों की एमएसपी पर समय से खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी कहा, ताकि किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी राज्य विकसित कृषि संकल्प अभियान आयोजित करें जिसमें केंद्र सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा।

### 'ग्राम' का आयोजन अच्छी पहल, केंद्र सरकार भेजेगी विशेषज्ञों की टीम-

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राजस्थान में कृषि की संभावनाओं को देखते हुए कृषि के रोडमैप बनाने की पहल की गई है। अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर कृषि का रोडमैप बनाए। केंद्र सरकार राज्य के इस रोडमैप को और सुदृढ़ बनाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों की टीम भेजकर सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रदेश में कृषि विकास को और गति मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आगामी समय में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें भी केंद्र सरकार विशेषज्ञों, अधिकारी तथा वैज्ञानिकों की टीम भेजेगी।

### ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट से किसानों को मिलेगा लाभ-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि किसान देश की नींव हैं और देश का विकास गांव की पगडंडियों, खेत-खलियानों से होगा। उन्होंने संवेदनशीलता के साथ किसान हित में निर्णय लेते हुए पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाया। प्रदेश में हमारी सरकार ने इसमें 3 हजार रुपये और जोड़कर इसे 9 हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में मई माह में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026' का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और तकनीकी जानकारों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने केंद्र कृषि मंत्री तथा कृषि से जुड़े अन्य गणमान्य विशेषज्ञों को इस सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन का प्रथम आयोजन राजस्थान में करने के लिए कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सम्मेलन में कृषि विकास के लिए जो वैचारिक मंथन होगा, वह कृषि के भविष्य को नई दिशा देगा। इस कॉन्फ्रेंस में विषयवार प्रस्तुतियों के माध्यम से कृषि उत्पादन, जल प्रबंधन, फसल सुरक्षा, डिजिटल कृषि, प्राकृतिक खेती और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर होने वाली चर्चा देशभर के विशेष तौर पर राजस्थान के किसानों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी ।

## मणिपुर-बम हमले में 2 बच्चों की मौत के बाद हिंसा

### प्रदर्शनकारियों का सीआरपीएफ कैंप पर हमला, जवाबी फायरिंग में 2 की जान गई



इंफाल।

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए। मणिपुर सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस को 3 दिनों के लिए बंद कर दिया है।

### सीएम ने घायल महिला से मुलाकात की

मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह मंगलवार सुबह पीड़ित मां से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस जुर्म के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनसे कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। खेमचंद ने कहा कि यह हमला एक बर्बर हरकत है और इंसानियत पर सीधा हमला है। यह मणिपुर में मुश्किल से मिली शांति को पटरी से उतारने की कोशिश है।

## बारिश और ओलो ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

जयपुर।

राजस्थान में नए वेदर सिस्टम के कारण बारिश हुई। उदयपुर में अंधड़ से खेरवाड़ा में मकान की दीवार गिर गई। कई जगह टीनशेड उड़ गए। नागौर में तूफानी बारिश के साथ ओले भी गिरे। जैसलमेर के रामदेवरा में बरसात का पानी दुकानों में घुस गया। सीकर में नवलगढ़ और पिपराली रोड पर दो-दो फीट पानी भर गया। सीकर-झुंझुनूं बॉर्डर के पास कई गांवों में ओले गिरे। आंधी-बारिश की चेतावनी के कारण नागौर की दो मंडी में आज छुट्टी रही। बारिश-ओलावृष्टि से फसलों को भी नुकसान हुआ है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 8 अप्रैल को भी इस सिस्टम का असर रहेगा। वहीं, 9 अप्रैल से मौसम साफ रहने की संभावना है।

### रेगिस्तानी जिलों में तेज बरसात

मौसम केंद्र जयपुर के अलर्ट के बीच मंगलवार सुबह से प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर जिलों के कई इलाकों में तेज बारिश के कारण तापमान में गिरावट हुई है। इससे पहले यहां बिजली भी चमकी।

### अलवर में तेज बारिश

अलवर में भी तेज बारिश शुरू हो गई है। इससे पहले हल्की बारिश हो रही थी। साथ में हवा चल रही थी।

### बारिश के साथ गिरे ओले

सीकर और झुंझुनूं बॉर्डर के करीब 6 गांवों में तूफानी बारिश के साथ चने के आकर की ओले गिरे हैं।

### सीकर में बारिश के बाद दो-दो फीट तक पानी भरा

सीकर में करीब 10 से 15 मिनट तक आई तेज बारिश के बाद शहर के पिपराली और नवलगढ़ रोड पर दो-दो फीट पानी भर गया।

### उदयपुर में अंधड़ से दीवार गिरी, टीनशेड उड़े

उदयपुर के खेरवाड़ा में दोपहर बाद अंधड़ के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा। दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई तो कहीं छतों पर लगे टीनशेड उड़कर दूर जा गिरे। स्थानीय निवासी रोहित अहारी ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे अंधड़ आया।



### किसान बोले- सब बर्बाद

जयपुर के गोविंदगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह से हो रही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। यहां के ढोढसर, खेजरोली और हस्तेड़ा गांवों में गेहूं की कटाई का काम प्रभावित हुआ है, जिससे फसल खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र के कई हिस्सों में गेहूं की फसल अभी भी खेतों में खड़ी है। अचानक हुई बारिश से खड़ी फसल के भीगने और गिरने (लॉजिंग) का खतरा बढ़ गया है, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होगी। बारिश के बीच किसान खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल इकट्ठी करने में जुटे हैं। किसानों का कहना है कि इस बारिश से उनकी 6 महीने की मेहनत और पैसा बर्बाद हो गया।

### अजमेर बादलों की गरज के साथ बारिश

अजमेर में मंगलवार सुबह से मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। शहर में ठंडी हवा के साथ रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुक कर जारी है। मौसम बदलने के साथ ही आसमान में बादलों की गरज भी सुनाई दे रही है। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### प्रतापगढ़ में 50 पेड़ उखड़े

प्रतापगढ़ के कड़ियावाद क्षेत्र में आंधी से भारी नुकसान हुआ है। 50 से ज्याद पेड़ उखड़ गए। 5 बिजली के पोल टूट गए। कच्चे और छप्परपोश मकानों को नुकसान पहुंचा। इस दौरान दो बाइक सवार युवक गिर गए, जिससे वो घायल हो गए।

### बांसवाड़ा में भी बदला मौसम, बारिश हुई

बांसवाड़ा में मंगलवार को मौसम अचानक बदल गया। जिले के आनंदपुरी में हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेत में मक्के की कटी हुई फसल पड़ी है। ऐसे में इनको नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

### नागौर में अंधड़ के साथ बारिश गिरे ओले

नागौर के डेगाना में मंगलवार को बारिश के साथ ओले गिरे। इस दौरान खुड़ी, बामणा, कितलसर और चुई में ओले गिरे। करीब 20 मिनट तक अंधड़ के साथ ओले गिरने से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

## असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा, 9 अप्रैल को मतदान

**नई दिल्ली.** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया। इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी।

### कितनी सीटों पर होगा मतदान

असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोट डाले जाएंगे। तीनों राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय तक जोरदार प्रचार किया।

### असम में 722 उम्मीदवार मैदान में

असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है।

### केरल में त्रिकोणीय मुकाबला

केरल में 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं।

## गहलोत, डोटासरा, जूली बोले- खेड़ा के घर छापेमारी कायरना हरकत

जयपुर।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी पर तीन पासपोर्ट रखने के आरापों के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर असम पुलिस के छापे मारने के बाद सियासत गरमा गई है। राजस्थान कांग्रेस के बड़े नेता खुलकर पवन खेड़ा के समर्थन के उतर आए हैं। इसमें पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने खेड़ा के घर असम पुलिस की छापेमारी के बाद बीजेपी पर निशाना साधा। तीनों ने इसे असम चुनाव में संभावित हार से उपजी बौखलाहट करार दिया।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर लिखा- असम चुनाव में हार के डर से भाजपा बौखला गई है। भाजपा की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह लोकतंत्र के बजाय पुलिस और सरकारी एजेंसियों के पीछे छिपकर वार करती है। असम पुलिस ने जिस तरह कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा के आवास पर छापेमारी की, वह कायराना हरकत है।

गहलोत ने लिखा- कांग्रेस को इन सब पैतरों से डराया नहीं जा सकता। असम पुलिस, सीबीआई, ईडी का डर दिखाने से कांग्रेस के दिलेर लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। असम की जनता सब देख रही है। वे जान चुके हैं कि भाजपा सिर्फ नफरत फैलाना और डराना जानती है। जल्द ही असम की जनता इस तानाशाही सरकार को माकूल जवाब देगी।

### डोटासरा बोले- भाजपा तानाशाही पर उतर आई

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- भाजपा की राजनीति सिर्फ और सिर्फ डराओ, धमकाओ और संस्थाओं के दुरुपयोग से विपक्षी दलों के नेताओं का दमन कर सच को छिपाने की रह गई है। असम पुलिस का, दुष्ट मीडिया व प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा के खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज उनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली आना और खोजबीन करना, साफ संदेश है कि भाजपा तानाशाही पर उतर चुकी है। डोटासरा ने लिखा- पवन खेड़ा ने हाल ही प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के भ्रष्टाचार और उनकी पत्नी के 3-3 पासपोर्ट का पर्दाफाश किया था।



### जूली बोले- खेड़ा के घर असम पुलिस की छापेमारी कायराना हरकत

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स पर लिखा- असम चुनाव में हार के डर से बौखलाई भाजपा अब पुलिस और सरकारी एजेंसियों के सहारे विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा के आवास पर असम पुलिस की छापेमारी न सिर्फ कायराना हरकत है, बल्कि भाजपा की तानाशाही का प्रमाण है। जूली ने लिखा- जवाब देने के बजाय भाजपा फर्जी एफआईआर, दमन और डराने-धमकाने की राजनीति में उतर आई है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा है। असम की जनता सब देख रही है और समय आने पर भाजपा को इसका उत्तर देगी।

### सलमान खान को हाईकोर्ट से राहत, जमानती वारंट पर रोक

**जयपुर।** अभिनेता सलमान खान को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिल गई हैं। जस्टिस अनुरूप सिंघी की अदालत ने जयपुर जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय द्वारा जारी जमानती वारंट पर रोक लगा दी हैं। अदालत ने यह रोक सलमान खान व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए लगाई। आयोग सलमान खान को चार बार जमानती वारंट से तलब कर चुका हैं। लेकिन अभी तक सलमान खान को वारंट तामील नहीं हो पाए हैं।

### कोबरी-सार



# हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस



निसं

**रींगस ( नवयन )।** भारतीय जनता पार्टी, मंडल रींगस द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस वृंदावन गार्डन में बड़े ही उत्साह और सांगठनिक एकजुटता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता मूलचंद जांगिड़ ने की। समारोह का शुभारंभ माँ भारती के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन महामंत्री दुर्गा ढींगरा ने किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी रामकिशन सैनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि शून्य से शिखर तक की यह यात्रा करोड़ों निष्ठावान कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है, जो आज भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा ने कहा कि स्थापना दिवस वह क्षण है जब हम अपनी वैचारिक जड़ों से जुड़कर नए भारत के निर्माण का संकल्प लेते हैं। विचार व्यक्त करते हुए पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज है और सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। वहीं पूर्व महामंत्री दीपक बाजिया ने अपने वक्तव्य में कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि हमारी गौरवशाली विरासत ही हमारी शक्ति है और इसी सांगठनिक एकता के दम पर हम भविष्य की हर चुनौती को अवसर में बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। मंडल महामंत्री रोशन सितमका ने जानकारी दी कि इस गरिमामयी कार्यक्रम में मन की बात जिला संयोजक निर्मल सिंह, निवर्तमान पार्षद बीरबल निठारवाल, उपाध्यक्ष दिनेश भातरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, अरुण बावडिका, अभिषेक शेखावत, मोहनलाल जांगिड़, विष्णु तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता कालूराम कुमावत, महेंद्र बालौदा, रेवत सिंह शेखावत, ज्योति मिश्रा, महेंद्र बावलिया, सुल्तान सिंह, रीछपाल निठारवाल, गजराज कंवर, सांवरमल वर्मा एवं सुरेश साबू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के नारों और संगठन को और अधिक सशक्त करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# युवा मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

## इंडिया व एशिया रिकॉर्ड के लिए सफल प्रयास



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के शिवा क्लब मार्शल आर्ट्स अकादमी के युवा खिलाड़ियों ने आधिकारिक एडजुडिकेटर राजा मूकिम की मौजूदगी में इंडिया और एशिया रिकॉर्ड के लिए अपना आधिकारिक प्रयास सफलतापूर्वक पूरा किया। इस आयोजन ने जयपुर में मार्शल आर्ट्स के बढ़ते स्तर और युवा प्रतिभाओं की क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से स्थापित किया। 1 मिनट में 134 फ्रंट स्लैप किक्स 11 वर्षीय विहान जैन ने अपनी तेजी और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन करते हुए एक मिनट में 134 फ्रंट स्लैप किक्स लगाकर शानदार उपलब्धि हासिल की। विहान पहले ही इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बना चुके हैं और अब उन्होंने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया रिकॉर्ड दर्ज कराने की दिशा में मजबूत दावा पेश किया है। रक्षत धनोपिया का दमदार प्रदर्शन नेशनल मेडलिस्ट एवं ब्लैक बेल्ट सेकंड डैन रक्षत धनोपिया ने 2 किलोग्राम अतिरिक्त वजन के साथ एक मिनट में 242 एल्बो अटैक कर अपनी ताकत, सहनशक्ति और तकनीकी दक्षता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सुरभि शर्मा ने खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सहायक लेखा अधिकारी प्रथम राजेश कुमार भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं दो बार के पैरा ओलंपियन कृष्णा नागर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कोच ने बताया मेहनत का परिणाम कोच प्रदीप सिंह राघव ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस सफलता से अधिक से अधिक युवा खेल और आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित होंगे।

यह सफल रिकॉर्ड प्रयास जयपुर के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है। अकादमी के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि शहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# सीकर के लाल इमरान यूरोप के देशों में देंगे शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर की धरा पर जन्मे विख्यात गायक इमरान खान मई 26 से अगस्त 26 तक यूरोप के कई देशों में अपनी गायन की प्रस्तुत देंगे। जर्मनी, फ्रांस, स्वीट्जरलैंड जैसे देशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। इमरान खान इन दिनों कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर द मंत्रा बैंड के साथ इस संगीतमय सफर तैयारियों में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि शहर की माटी के लाल इमरान अब तक यूरोप सहित अफ्रीका और गल्फ के खाड़ी देशों जैसे 36 देशों में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दे चुके हैं। इमरान को जर्मनी के थिएटर एम फॉरडेन जो के 50 से भी अधिक वर्षो से यूरोप में भारतीय संगीत और कला और कई देशों की कला को यूरोप के देशो में प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है की तरफसे यूरोप में अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस सफर में मंत्रा के संचालक उस्ताद नवाब खान जो की संतूर और नादा योगा के विद्वान है और नावेद खान संतूर, अयान खान सारंगी, शाहिद तबला पर साथ रहेंगे। सभी कलाकार सीकर घराने से ही जुड़े हुए हैं। इमरान खान ने अपने संगीत की शुरुआती तालीम अपने नाना उस्ताद मोईनुद्दीन खान और दादा उस्ताद मजीद खान से हासिल की है। इमरान ने पद्मश्री पंडित अरविंद पारीक व म्यूजिक डायरेक्टर लियाकत अजमेरी जैसी सख्सियतों से संगीत की शिक्षा हासिल की है। इमरान ने कई म्यूजिक एल्बम में गायक संगीतकार व लेखक के रूप में भी काम किया है। इमरान ने बताया कि वे सीकर का नाम पूरी दुनियां में संगीत के जरिये रोशन करना चाहते है।

# नहरबंदी के दौरान हो समुचित पेयजल आपूर्ति, कंटीजेन्सी कार्यों को करें समयबद्ध पूर्ण : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयन )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आवश्यक सेवाओं, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, संपर्क पोर्टल प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





### आवश्यक सेवाओं की समीक्षा

जिला कलक्टर सुराणा ने डीएसओ को जिले में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल आदि ईंधन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उनकी खपत का तुलनात्मक विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से कहा कि नहरबंदी के दौरान आमजन को पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। आमजन से प्राप्त मांग के अनुसार सभी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कंटीजेन्सी कार्यों की प्रगति की चर्चा करते हुए कहा कि कंटीजेन्सी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। इन कार्यों में विद्युत कनेक्शन आदि समयबद्ध ढंग से पूर्ण हों, इसके लिए डिस्कॉम व पीएचईडी के अधिकारियों को आपसी समन्वय रहे। उन्होंने सभी नगरनिकाय निकाय अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में नाला सफाई व गैनाणियों के पानी निकास की चर्चा करते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए और उपखंड अधिकारियों को समुचित मॉनीटरिंग करने की बात कही। जिला कलक्टर ने कहा कि असमय बरसात से फसलों के पोस्ट हार्वेस्ट नुकसान का राजस्व, कृषि व बीमा कंपनी प्रतिनिधि संयुक्त सर्वे यथाशीघ्र पूर्ण करें। सर्वे कार्य के लिए राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों को समुचित समन्वय रहे तथा स्पष्टता के साथ सर्वे पूर्ण किया जाए। उन्होंने मधुमक्खियों के आक्रमण जैसी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास, नगरनिकाय व वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी किसी भी माध्यम से मधुमक्खियों के छत्तों के संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग से मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने तथा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करवाएं। इसी के साथ आमजन को एडवाइजरी के बारे में जानकारी देते हुए आवश्यक ऐहतियात बरतने हेतु जागरूक किया जाए। सुराणा ने मुख्यमंत्री विकसित ग्रामकृ वार्ड अभियान को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास व नगरनिकाय अधिकारी सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से संपादित की जाएं। इसी के साथ उन्होंने जिले में बिजली व पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकरणों के संबंध में चर्चा की।

सीईओ श्वेता कोचर ने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान और कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की चर्चा की। इस दौरान पेंशन व पालनहार भौतिक सत्यापन, पीएम सूर्य घर योजना, नाला सफाई, ओपन जिम, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, जल जीवन मिशन, अटल ज्ञान केन्द्र, डीएमएफटी में स्वीकृत कार्य, सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### मिशन हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण गतिविधियों की हो पूर्व तैयारी

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने मिशन हरियालो राजस्थान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान संपादित की जाने वाले पौधरोपण गतिविधियों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग अपने आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करें और अभी से ही गड्ढा खोदने, खाद आपूर्ति आदि तैयारी सुनिश्चित करें। डीएफओ भवानी सिंह ने वन विभाग की नर्सरियों में तैयार की जा रही पौध, विभागवार आवंटित लक्ष्यों, पौधों की दर तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए समयसीमा आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

### संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

जिला कलक्टर सुराणा ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी संपर्क पोर्टल प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर परिवादियों को संतुष्टि करें। विभागीय अधिकारी प्रयास करें कि प्राथमिक स्तर पर ही परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो जाए। इसी के साथ संतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### बजट घोषणाओं की हो समयबद्ध क्रियान्विति

जिला कलक्टर ने जिले में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की चर्चा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन सहित आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करें तथा समुचित क्रियान्विति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने बजट घोषणा 2026-27 अंतर्गत आरयूबी व आरओबी कार्यों, सड़क निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की।

### जिम्मेदारी के साथ संपादित हों जनगणना गतिविधियां

जिला कलक्टर ने जनगणना-2027 को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी जनगणना कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, अतः इसमें शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जनगणना के लिए आवश्यक सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण की जाएं तथा संबंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच स्पष्ट समन्वय स्थापित किया जाए।

### फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति में अपेक्षित रैंकिंग लाएं

जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी फ्लैगशिप योजनाओं में जिले की अपेक्षित रैंकिंग लाएं। योजनाओं में आवंटित लक्ष्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें और लक्षित समूह तक समुचित लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग, प्रगति रिपोर्ट एवं फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जाए।

# देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयन )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को देवनारायण योजना के अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, कॉलेज शिक्षा, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। गहलोत ने गत बैठक में दिए निर्देशों की प्रगति से अवगत करवाया। इस दौरान देवनारायण छात्रवृति योजना-उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण छात्रवृत्ति योजना-पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण गुरुकुल योजना, देवनारायण अनुप्रति योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, देवनारायण आदर्श छात्रावास संचालन, देवनारायण आवासीय विद्यालय संचालन, देवनारायण बालक एवं बालिका महाविद्यालय संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देवनारायण बोर्ड की निरंतर समीक्षा बैठकों और मॉनिटरिंग के चलते योजनाओं में निरंतर सुधार आ रहा है। हाल ही 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों ने बेहतरीन परिणाम दिखाया है। उन्होंने बताया कि बैठक में उठाए गए सभी विषयों की निरंतर पालना की जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निदेशक ललित कुमार ने कहा कि बैठक में आए सुझावों के आधार पर योजनाओं में निरंतर सुधार किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त निदेशक सुंडाराम मीणा ने पीपीटी के जरिए विभिन्न योजनाओं की प्रगति और बजट के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बैंसला ने समिति से जुड़े विषयों पर अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड और समिति के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है : कालूराम



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा परिवर्तनकारी मंगलवार कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनू कालूराम की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता संरक्षण एवं न्याय तक जागृति व समावेशी पहुँच, विधिक साक्षरता, न्यायिक जागृति, संवेदनशीलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा विद्यार्थी वर्ग को इंटरनेट की दुनिया में छिपे खतरों जैसे साइबर बुलिंग, फिशिंग और डेटा चोरी से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि इंटरनेट एक जादुई खिड़की है लेकिन यदि हम सावधानी नहीं बरतेंगे, तो यही खिड़की हमारी गोपनीयता के लिए खतरा बन सकती है। इंजी. ढूकिया ने साइबर सुरक्षा व जागरूकता पर विद्यार्थियों को कुछ गोल्डन रूल्स बताए- जैसे मजबूत पासवर्ड रखना, अजनबी लोगों से दूरी बनाकर रखे, सोच-समझकर इन्टरनेट पर आये लिंक का प्रयोग करना, साइबर बुलिंग के खिलाफ आवाज उठाना आदि। इस अवसर पर सचिव पीयूष ढूकिया, प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़, निधि सिहाग, सुधीर शर्मा, सुनील मील, पवन कुमार व स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आरोहण आयोजन में विशेषज्ञों ने किया विमर्श





निसं

**जयपुर ( नवयन )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में मंगलवार को आरोहण-आयुर्वेद अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 2026 आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए विशेषज्ञों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं व आयुष क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शुभारंभ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य और कुलपति प्रो. डॉ. संजीव शर्मा ने किया। आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर व आत्मन फाउंडेशन, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। आयुष श्री सम्मान के तहत आयुर्वेद व आयुष क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, शोधकर्ताओं व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में बैरवा ने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और आयुष सेवाओं को सशक्त करने पर जोर दिया। वहीं कुलपति प्रो. शर्मा ने बताया कि संस्थान शिक्षा, अनुसंधान व चिकित्सा के माध्यम से आयुर्वेद को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिवेशन में एविडेंस-बेस्ड आयुर्वेद, राष्ट्रीय आयुष मिशन, समग्र स्वास्थ्य, स्टार्टअप व उद्यमिता जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रो. मीता कोटेचा, प्रो. अनुपम श्रीवास्तव, हरिराम रिणवा सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं इस कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने संस्थान के अस्पताल, ओपीडी व कैंटीन का निरीक्षण कर सेवाओं की सराहना की। इस दौरान संस्थान को मानद विश्वविद्यालय का दर्जा स्थायी किए जाने की जानकारी भी दी गई।

# बुगालिया व जांगिड़ ने गौशाला को दिए 51-51 हजार

निसं

**बुगाला ( नवयन )।** पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला के लिए शिक्षक द्वारकाप्रसाद बुगालिया व अनिल पुत्र रामनिवास जांगिड़ ने 51-51 हजार रुपए का सहयोग दिया है। वही प्रेमसिंह पुत्र शिवचंद बुगालिया, दयानन्द पुत्र अर्जुन राम बुगालिया ने 21-21 हजार रुपए दिए हैं। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया व गोशाला समिति ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गोवंश की सेवा और देखभाल में काफी मदद मिलेगी।



# राजस्थान ग्रामीण बैंक का एटीएम लगाने की मांग





निसं

**बुगाला ( नवयन )।** क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव में राजस्थान ग्रामीण बैंक का एटीएम स्थापित करने की मांग उठाई है। इनका कहना है कि गांव में एटीएम सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें नकदी निकालने के लिए आसपास के कस्बों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बैंक की शाखा तो कार्यरत हैं, लेकिन एटीएम सुविधा के अभाव में खाताधारकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और किसान वर्ग को बार.बार अन्यत्र जाकर नकदी निकालनी पड़ती है। कई बार तो लंबी कतारों और तकनीकी दिक्कतों के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में यहां एटीएम की स्थापना आवश्यक है। ग्रामीणों ने बैंक प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से जल्द ही एटीएम लगाने की मांग की है।

# श्याम गौ सेवा परिवार समिति का प्रथम वार्षिक उत्सव 12 को



निसं

**जयपुर ( नवयन )।** श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लगातार नप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से संपर्क कर रहे हैं तथा पोस्टर विमोचन के माध्यम से आमंत्रण दे रहे हैं। समिति अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया कि 12 अप्रैल को मुहाना मंडी रोड स्थित मंगलम पैलेस में प्रथम वार्षिक उत्सव एवं श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में समिति के सदस्यों ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण दिया और पोस्टर का विमोचन करवाया। इनमें जयपुर सांसद मंजू शर्मा, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, सहीराम मीणा पूर्व नार्को टेक कमिश्नर एवं मंडल अध्यक्ष अनिल चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा मुहाना थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह को भी कार्यक्रम में पधारने का निमंत्रण दिया गया। समिति के अनुसार आयोजन के दौरान भजन संध्या के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया जाएगा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की उम्मीद है।

# हल्की बारिश का दौर जारी

## कटाई के बीच गेहूं-सरसों की फसल पर मंडराया संकट



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है और हल्की बारिश का दौर जारी रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है, वहीं कई स्थानों पर कटी हुई फसल खेतों में ही पड़ी हुई है। इसके साथ ही कई किसानों के खेतों में सरसों की कटी फसल भी खुले में पड़ी है। ऐसे में लगातार बदलते मौसम और बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। मंगलवार सुबह से ही खेतड़ी क्षेत्र में आसमान पर बादल छाए रहे। आसमान में कड़कड़ाहट और बिजली की आवाजें सुनाई देती रहीं। सुबह करीब 10 बजे से हल्की बारिश शुरू हो गई, जो बूंदाबांदी के रूप में जारी रही। मौसम में आए इस बदलाव के चलते क्षेत्र में ठंडी हवाएं भी चलने लगी हैं। मौसम को देखते हुए किसान खेतों में पड़ी फसलों को जल्द से जल्द समेटने और उन्हें सुरक्षित रखने में जुटे नजर आए। कई किसान अपने परिवार के साथ मिलकर फसल को ढकने और सुरक्षित स्थान पर रखने का प्रयास करते दिखाई दिए ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके। किसान राधेश्याम, संतोष सैनी का कहना है कि यदि कटी हुई गेहूं की फसल पर तेज बारिश हो जाती है तो उसमें नमी आने से दाने अंकुरित होने लगते हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता खराब हो जाती है और बाजार में उचित भाव नहीं मिल पाता। इसी तरह सरसों की फसल भी खराब होने का खतरा रहता है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार झुंझुनू जिले सहित खेतड़ी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिनों तक मौसम अस्थिर बना रहने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहने, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश, कहीं-कहीं तेज बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। साथ ही 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और तापमान में हल्की गिरावट होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने किसानों को विशेष सतर्कता बरतने, कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखने तथा खराब मौसम के दौरान खुले में काम करने से बचने की सलाह दी है।

# सरकारी स्कूल के सैनी ने प्राप्त किए 97.20 प्रतिशत अंक

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** क्षेत्र के विकास सैनी पुत्र प्रकाश चंद सैनी ने राजस्थान 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त की है। विकास ने विज्ञान वर्ग में 97.20 प्रतिशत अंक हासिल कर सरकारी विद्यालय टॉप किया और अपने गांव का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने अपनी माता, पिता प्रकाश सैनी, गुरुजनों को अपना सफलता श्रेय दिया। पिता प्रकाश सैनी ने बताया कि इससे पहले दसवीं बोर्ड में एसबीएन स्कूल में भी 94.30 प्रतिशत अंक हासिल किया था। विकास ने बताया कि मेरे पिता मजदूरी करता है मां ग्रहणी है। रिजल्ट घोषित होने के बाद विकास सैनी का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया, उन्हें मिठाई खिलाई, साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया। पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर का छात्र हैं। विकास सैनी ने बताया कि आगे में इंजीनियर बनना चाहता हूं। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने बताया कि विद्यालय के 19 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विज्ञान वर्ग में विकास सैनी ने 97.2 व हेमंत सैनी ने 96.8 और कला वर्ग में मोहित कुमार सैनी ने 96.6, भूमिका के 95 व सपना सैनी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकालकर अभिभावकों को सरकारी विद्यालय से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

# पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन

निसं



**खाटूश्यामजी (नवयत्न)।** मशहूर पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए खाटूश्यामजी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धा भाव से मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने हरभजन सिंह का स्वागत किया और उन्हें बाबा श्याम का निशान तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। दर्शन के पश्चात हरभजन सिंह ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेककर खेल जगत, विशेषकर क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# 46.50 लाख की लागत से बनने वाले पशु अस्पताल भवन का हुआ शिलान्यास

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के ढाणी बाढ़ान गांव में मंगलवार को राजकीय पशु अस्पताल भवन के शिलान्यास एवं विधायक के नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम सिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से 46.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले राजकीय पशु अस्पताल भवन का शिलान्यास किया। इसके पश्चात ढाणी बाढ़ान को ग्राम पंचायत का दर्जा मिलने पर ग्रामीणों द्वारा विधायक का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया, वहीं ग्राम पंचायत का दर्जा मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने 51 किलो की माला पहनाकर विशेष सम्मान किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने ग्रामीणों की ओर से विधायक को मांग पत्र सौंपा, जिसमें गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए उच्च जलाशय निर्माण, बैंक शाखा खोलने, खेल मैदान में ट्रैक निर्माण, जिम व लाइब्रेरी की स्थापना, राजकीय विद्यालय की चारदीवारी निर्माण तथा श्मशान भूमि में इंटरलॉकिंग सहित विभिन्न विकास कार्यों की मांग रखी गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गुर्जर ने कहा कि खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को समान प्राथमिकता दी जा रही है। विधायक ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब युवा शिक्षित होंगे और गांवों की सड़कें मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि इन दोनों क्षेत्रों में विशेष निवेश किया जा रहा है और खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में अब तक सर्वाधिक सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिससे गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सवा दो साल में खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में करीब 450 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं, जिनमें 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि खेतड़ी में सैनिकों के लिए कैंटीन खुलने से पूर्व सैनिकों और जवानों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम का संचालन रिपुदमन सिंह ने किया। इस अवसर पर फतेह सिंह शेखावत, महेंद्र काजला, ब्रजलाल शर्मा, मेगचंद महला, बबलू अवाना, रघुवीर सिंह, सियाराम शर्मा, ठेकेदार चंदगीराम, प्रभु राजोता, प्रधानाचार्य माया सागवान, जसरापुर मंडल उपाध्यक्ष शिवराज सिंह, कैप्टन पृथ्वी सिंह, मुकेश सिंह, इंद्र सिंह, गोविंद सिंह, सूबेदार श्रीराम सिंह, कर्नल रामोतार सिंह, सुरेंद्र सिंह, तनुज सिंह, ठेकेदार जितेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, रघुवीर सिंह, सूबेदार सुरेश सिंह, सूबेदार महीपत सिंह, सुमेर सिंह, सूबेदार दान सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनएसयूआई के जिला महासचिव बने लीलगर



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देशानुसार डीडवाना कुचामन की एनएसयूआई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। संभाग प्रभारी महेश चौधरी, जिला प्रभारी शिवराज एवं जिलाध्यक्ष रामनिवास गोयल के नेतृत्व में सोमवार को जिले में उपाध्यक्ष एवं जिला महा सचिव की घोषणा की सूची जारी की गई। इस सूची में लाडनूं से अब्दुल वाहिद लीलगर को जिला महासचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। जिलाध्यक्ष ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रति सदैव वफादार रहने एवं निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों ने लीलगर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल भढाडर सीकर में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ विजेन्द्र सिंह मलिक ने मेडल, अवॉर्ड शीट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मेधावी छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त की।

समारोह के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# साईबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच कार्यक्रम आयोजित

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति तारानगर की ओर से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित साईबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच विषय पर ट्रांस्फॉरमेटिव ट्यूजडे नामक राजव्यापी प्रमुख कार्यक्रम के तहत मंगलवार को तारानगर के टैगोर इंग्लिश मीडियम स्कूल व मॉडर्न प्रिंस स्कूल में साईबर, विधिक जागरूकता विषयों पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा द्वारा बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में बताया गया, साईबर अपराधों व साईबर ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता है इसके उपायों के बारें में बताया इसके साथ ही संतोष कुमार मीणा ने बताया कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि वे कानून के प्रति जागरूक होंगे और डिजिटल दुनिया में सावधानी बरतेंगे, तभी एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। किसी भी प्रकार के साईबर अपराध की स्थित में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देंगे। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर अजयदीप सिहं ने बच्चों को सोशल मीडिया, ऑनलाईन गैमिंग तथा बैंकिग से होने वाली साईबर ठगी व साईबर अपराधों के बारें में जानकारी दी। उनके द्वारा बच्चों को चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया। जिस पर शिकायत करने पर बच्चों की जानकारी गोपनीय रखी जाती है तथा अपराधी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को साईबर अपराध में शामिल न होने तथा साईबर अपराधों के बारें में जागरूकता फैलाने के संबंध में शपथ भी दिलवायी गई। कार्यक्रम में तारानगर पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, सचिव जयंत यादव, टैगोर स्कूल के निदेशक बलवीर सहारण, अक्षय सहारण, मॉडर्न स्कूल के निदेशक रविन्द्र पूनिया, कांस्टेबल राजू नायक, अजीत सिंह, ओमप्रकाश, सुखविंद्र सिंह, प्रदीप भाटी विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

# जाखड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर मूक-बधिर बच्चों को भोजन एवं गौशाला में की सवामणी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** मानव सेवा और समाजहित की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए जाट समाज के युवा कार्यकर्ता रजत जाखड़ ने अपने दादा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मूक-बधिर बच्चों को भोजन करवाकर एवं गौशाला में गायों को स्वामणी (चारा/भोजन) अर्पित कर पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर रजत जाखड़ ने अपने परिवारजनों एवं जाट समाज के साथियों के साथ मिलकर यह सेवा कार्य किया। उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष अपने जन्मदिन पर भी अपनी टीम के साथ इसी प्रकार के सेवा कार्य करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में जाट समाज के संरक्षक नरेन्द्र धायल ने जाखड़ परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। इस प्रकार के कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और हर व्यक्ति को अपने जीवन में ऐसे कार्य जरूर करने चाहिए। उन्होंने रजत जाखड़ और उनके परिवार को भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में केशरदेव, ओम प्रकाश, हिमांशु, जलज, सुबोध, धोनी, अजय, धर्मेंद्र, नरेंद्र धायल आदि समाज के कई गणमान्य लोग एवं युवा साथी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बना बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश भी फैलाने में सफल रहा।

# ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज्डे आयोजित




निसं

**रींगस (नवयन)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्यव्यापी फ्लैगशिप कार्यक्रम ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज्डे का आयोजन रींगस की सेंट्रल चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रींगस ममता रोहिला रही एवं अध्यक्षता संस्थान निदेशक कविता सक्सेना ने की। ताल्लुका सचिव अशोक गुर्जर, पीएलवी कमलकांत मिश्रा, रवि कुमार वर्मा, विकेश शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में ममता रोहिला द्वारा विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बढ़ते मुद्दों से सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सोशल मीडिया के सदुपयोग एवं ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। न्यायालय द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त अधिवक्ता सेवा के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यशाला के दौरान संस्थान निदेशक कविता सक्सेना, इंचार्ज मंजू राठौड़, विजय गोपाल शर्मा, महेश कुमार भामू, विक्रम चौधरी, चंदा बावलिया, कोमल, अशोक पलसानिया, राजू हेमानी, संजय डाक वाला, महेश डाक वाला सहित स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। संचालन झाबर निठारवाल ने किया।

# दो हवेलियों के ताले तोड़ नकदी सहित चांदी के सिक्के व कपड़ों पर हाथ साफ

निसं



**टमकोर (नवयन)।** मलसीसर उपखंड के गांव टमकोर में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गत रात 6 अप्रैल को मुख्य बाजार स्थित दो हवेलियां के ताले तोड़े गए। जिनमें नकदी व चांदी के सिक्कों सहित जरूरी कागजों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। टमकोर की मुख्य रोड स्थित सेन कुमार भंसाली की हवेली में रात को 12:30 बजे के आसपास चोरों ने ताले तोड़कर इस घटना को अंजाम दिया। घटना में सभी कमरों के ताले तोड़े गए व अलमारी में से नकदी सहित चांदी के सिक्के व कपड़ों पर चोरों ने हाथ साफकिया। विगत 7 जनवरी को टमकोर में एक साथ 10 चोरियां हुई थी। जिसमें पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया था लेकिन उसके बावजूद भी चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। सेन कुमार भंसाली कोलकाता प्रवासी हैं, पिछले सात आठ दिनों से टमकोर में ही परिवार सहित आये हुए थे। रविवार को सुबह वापस परिवार सहित कोलकाता गए और पीछे से चोरों ने इस घटना को अंजाम दे दिया । मौके पर थानाअधिकारी महेंद्र सिंह, एएसआई कृपाल सिंह, एएसआई अशोक कुमार, कॉन्स्टेबल दीपक कुमार व थाना स्टाफ ने घटनास्थल का मुवायना किया। ग्रामवासी विकास रांका ने बताया कि चोरों के हौसले बुलंद है पिछले 6 माह में इस प्रकार की दो-तीन घटनाएं हो चुकी है। पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई हैं। पीछे हुई चोरियों के बाद ग्रामवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला था व गांव में एक पुलिस चौकी की मांग भी की थी क्योंकि टमकोर गांव तीन दिशाओं में चूरू जिले की सीमा से घिरा हुआ है। हरियाणा बॉर्डर भी नजदीक है इस वजह से गांव में अपराधीक घटनाएं होती रहती हैं और पुलिस चौकी की मांग ग्रामीणों की उचित है लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### इनका कहना है

पुलिस चौकी के लिए टमकौर में जमीन आवंटित हो चुकी है व बजट के अभाव में अस्थाई भवन भी उपलब्ध है। अगर पुलिस प्रशासन इस कार्य में ग्रामीणों का सहयोग चाहता हैं तो ग्रामीण सहयोग के लिए तत्पर है। प्रशासन को ग्रामीणों की पुलिस चौकी की मांग की तरफ ध्यान देना चाहिए। संपत जांगिड़, मंडल महामंत्री भाजपा गांव में चोरियां व आपराधिक घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है। अगर ग्रामवासियों की मांग पर गांव में पुलिस चौकी खोल दी जाए तो इन घटनाओं पर अंकुश लगेगा। रघुवीर धेतरवाल ग्रामीण

# श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में बालाजी महाराज का मंदिर बनकर तैयार

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** आजादी से पूर्व की प्राचीनतम श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ परिसर स्थित पुराने बालाजी मंदिर की जर्जर हालत के चलते इसके नवनिर्माण को लेकर गत 2 वर्षों से विभिन्न श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों द्वारा चर्चाएं की गई।

इसके बाद जगदीश सैनी मिस्त्री, अजीतगढ़ ने बीड़ा उठाया और अकेले दम पर सम्पूर्ण नवनिर्माण कार्य अपने खर्चे से करवाकर मंदिर तैयार करवा दिया है।

सम्भवत: इसी माह में लोकार्पण समारोह हो जाएगा। श्रीकृष्ण गौशाला प्रबंधन ने जगदीश सैनी एवं उनके परिवारजनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है और आशा व्यक्त की है कि गौमाता उनके परिवार पर सदैव आशीर्वाद बनाए रखेगी।

# प्रबुद्ध जन सम्मेलन में सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** शहर के एक निजी होटल में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक सीए राजीव लोचन शर्मा एवं सह संयोजक दिलीप पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती रहे। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने डॉ राधामोहन दास अग्रवाल से विभिन्न सामाजिक विषयों पर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब सीकर, भारत विकास परिषद, गौ ग्रास संगठन, गोपीनाथ गौशाला, लायंस क्लब सीकर प्राइड, लघु उद्योग भारती, सीकर टैक्स बार एसोसिएशन, महावीर इंटरनेशनल, सक्षम, सीकर व्यापार संघ, आईएम, सुप्रभात, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, शेखावाटी प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सीकर क्राउन, व्यापार मंडल, सीकर विकास मंच, संयुक्त व्यापार महासंघ सीकर, जिला उद्योग एवं व्यापार महासंघ, निजी शिक्षण संस्थान एसोसिएशन, सीए एसोसिएशन, लॉयंस क्लब सीकर लेजेंड्स, पारीक सोशल ग्रुप, उद्यमी संघ, सीकर जिला अंतर्राष्ट्रीय वैश्य समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन कृपाल सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम में हरीराम रणवा, इंद्रा चौधरी, श्रवण चौधरी, मनोज बाटड़, तेज प्रकाश सैनी, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, सीए श्रीहरि बियानी आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बेतुकी बयानबाजी



चुनावों के समय कैसी घोर गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी होती है, इसका उदाहरण है पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह विचित्र प्रश्न कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले एक और पहलगाम हमले के लिए कोई खाका तैयार है? नि:संदेह वे संकेत रूप में यह कहना चाहती हैं कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे भाजपा का हाथ था। यह पहली बार नहीं कि जब किसी नेता ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बेजा बयान दिया हो। इस हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने ऐसे बयान दिए थे कि आखिर आतंकियों के पास इतना समय कहां था कि वे लोगों को मारने के पहले उनका मजहब पूछते?

कुछ ने भारत सरकार पर पहलगाम गए पर्यटकों की सुरक्षा में जानबूझकर ढिलाई बरतने के आरोप मढ़े थे। इसे भी विस्मृत नहीं किया जा सकता कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने अपने संकीर्ण स्वार्थों को सिद्ध करने के फेर में केंद्र सरकार को ही कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी। यह साफ है कि ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक को तुष्ट करने के लिए बेतुका बयान दिया, लेकिन ऐसा करके उन्होंने राष्ट्रीय हितों को गंभीर क्षति ही पहुंचाई।

उन्होंने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की उस धमकी के सिलसिले में उक्त बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत ने फिर से अपने लोगों पर ऐसी कोई कार्रवाई की, जिसका दोष पाकिस्तान पर मढ़कर उसे निशाना बनाया तो हम कोलकाता तक हमले करेंगे। निश्चित रूप से पाकिस्तानी रक्षा मंत्री यही कहना चाहते हैं कि पहलगाम हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं था और यह तो भारत का अपना कृत्य अर्थात फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन था, ताकि पाकिस्तान को निशाना बनाया जा सके। उन्होंने यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इस्लामाबाद को दी गई इस चेतावनी के बाद दिया कि यदि पाकिस्तान से दोबारा आतंकी हमले हुए तो भारत अभूतपूर्व कार्रवाई करेगा। जैसे-जैसे पहलगाम हमले की बरसी करीब आ रही है, पाकिस्तान फिर से इस आतंकी हमले को भारत का अपना गुप्त ऑपरेशन करार देने में लगा हुआ है। यह निराशाजनक और शर्मनाक है कि ममता बनर्जी एक तरह से उसी झूठ को उच्चारित कर रही हैं, जिसे पाकिस्तान दोहरा रहा है। माना कि चुनावों के अवसर पर राजनीतिक दलों में तीखी बयानबाजी होती है, पर इसकी भी एक सीमा होती है। वोट बैंक के लोभ में किसी नेता को इस हद तक नहीं चले जाना चाहिए कि उससे देश के शत्रुओं को लाभ मिले। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि पाकिस्तान अब भी भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने में जुटा हुआ है। वे इससे अनभिज्ञ भी नहीं हो सकतीं, क्योंकि हाल में ऐसे कई संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे। इनमें से कुछ तो बंगाल से गिरफ्तार किए गए हैं।

## विशेष आलेख

# रणनीति में युद्ध समाप्ति कला की अहमियत

रणनीति का अर्थ अंतहीन युद्ध कभी नहीं रहा बल्कि उद्देश्य, क्रियान्वयन और समाप्ति के निर्णय किये जाते थे। लेकिन आज संघर्ष शुरू होते हैं तो लगता है रणनीतिकार युद्ध समाप्ति की कला भूल गये। पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते अस्थिरता का माहौल है। रणनीति के इस भटकाव की कीमत कौन चुकाएगा।



आजकल युद्ध खत्म नहीं होते। खिंचते जाते हैं, अपना स्वरूप बदल रहे हैं और खुद को जायज ठहराते हैं। यह रणनीति नहीं है। यह रणनीतिक रूपरेखा की असफलता है। मैंने युद्धों को खत्म होते देखा,और उन्हें खत्म होने से इनकार करते भी। सेना में, हमें युद्ध शुरू करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। हम आरंभिक व्यूह रचना, ज़ोरदार हमले, शत्रु का घेरा तोड़ने व इच्छाशक्ति कुचलने का अध्ययन करते हैं। युद्ध का विस्तार करना समझते हैं। लेकिन एक अन्य शांत अनुशासन है जो कभी रणनीति को परिभाषित करता था, लेकिन अब धीरे-धीरे धुंधला रहा है। वह है, रुकने की कला। जिन संघर्षों का अंत बढ़िया हुआ, उनकी संरचना सीधी-सादी थी। दुश्मन को पूरी तरह मिटाना नहीं, बल्कि उद्देश्य में स्पष्टता रखना। तब, किसी में इतनी हिम्मत होती थी कि वह फैसला कर सके कि मिशन पूरा हो गया है। इसलिए नहीं कि दुश्मन का खात्मा हो गया, बल्कि इसलिए कि काम पूरा हो गया था। बल का इस्तेमाल हुआ। तयशुदा सीमा तक पहुंचे। फिर आया सबसे मुश्किल आदेश : रुको। घर वापसी करो। आज, वह माद्दा गायब है। कोई फैसला नहीं करता। संघर्ष खिंचते रहते हैं। बिना किसी तय अंत वाला युद्ध कोई अभियान नहीं होता। यह तो जान-माल की हानि के साथ भटकाव है।

**भारत का 'गोल्ड स्टैंडर्ड' (सर्वोच्च मानक) :** हमें किसी मानक की तलाश करने की ज़रूरत नहीं है। साल 1971 में, भारत ने आधुनिक इतिहास के सबसे निर्णायक अभियानों में से एक को अंजाम दिया। यह सिर्फ़ जीत नहीं थी। यह उसके बाद बरते गए संयम का उदाहरण था। हम वहां रुके नहीं रहे। हमने अपनी जीत को कब्ज़े में नहीं बदला। हमें भान था कि 'पूरा हुआ काम' कैसे दिखता है। 1988 में मालदीव में, हमने दखल दिया, व्यवस्था बहाल की और वापसी कर ली। पीछे कुछ बाकी नहीं छोड़ी। कोई अन्य एजेंडा नहीं। प्रभाव अधिकतम, दखल न्यूनतम। यहां तक कि श्रीलंका में भी, जहां पर हालात बहुत पेचीदा थे, हमने तब पीछे हटने का अनुशासन दिखाया, जब हमें लगा कि अब वहां से कुछ खास हासिल नहीं होने वाला। भारत का संयम सिर्फ़ इसमें नहीं था कि उसने क्या किया, बल्कि इस बात में भी था कि उसने किन चीज़ों पर हमला न करना चुना। बुनियादी ढांचे को कभी भी निशाना नहीं बनाया। इसी आधारभूत ढांचे पर किसी भी समाज का जीवन टिका होता है। इसे तबाह करने का मतलब है, उन्हीं लोगों को सज़ा देना जिनके नाम पर अक्सर युद्धों को सही ठहराया जाता है। इसी अनुशासन ने हमारी वैधता को बनाए रखा। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर गौर कीजिए। सटीक। तय परिधि में। उद्देश्यपूर्ण। लक्ष्य हासिल। काम पूरा। और फिर रुक जाना। हरेक मामले में, परिणामों ने साधनों को परिभाषित किया। लेकिन अब साधन खुद मकसद बनने का जोखिम उठा रहे हैं।

**सिद्धांत के रूप में भटकाव :** हम इसे 'हाइब्रिड वॉर', ग्रे ज़ोन या सोच-समझकर पैदा की गई अस्पष्टता कहते हैं। धरातल पर यह सरल दिखता है। सिद्धांत के आवरण में भटकाव। पश्चिम एशिया में, उद्देश्य बदलते रहते हैं जबकि युद्ध जारी है। कोई दिन निर्णायक जीत मिलने का अहसास करवाता है। अगले रोज़ लगता है लड़ाई अब लंबी खिंचेगी। बातचीत, विराम और तनाव इस कदर गडमड हो जाते हैं कि शब्दों का अर्थ ही समाप्त हो जाए।

यूरोप में, संघर्ष वर्षों तक खिंच गया। उद्देश्यों पर भू-राजनीति की कई परतें चढ़ती गईं व स्पष्टता गायब हो गई। लड़ाई इसलिए जारी नहीं है कि अंतिम लक्ष्य परिभाषित है, बल्कि इसलिए कि कोई इसे परिभाषित नहीं कर रहा। संघर्ष खुद-ब-खुद खिंचता जा रहा है।

**आमजन पर असर की हकीकत :** रणनीति यह भूल जाती है कि इस भटकाव की कीमत कौन चुकाएगा। रणनीतिकार मैदान ए जंग की बातें करता है। नागरिक इसकी अवधि की कीमत चुकाता है। चाय की दुकान पर बैठा व्यक्ति सिद्धांत नहीं पढ़ा होता। वह तो बाधित हुई आपूर्ति श्रृंखलाओं से बढ़ती कीमतों का दंश झेलता है, जो कभी स्थिर नहीं होतीं क्योंकि युद्ध अंतहीन हो चले हैं। वे अपने परिवारों को युद्धक्षेत्रों में फंसा हुआ पाता है जहां से निकलने की कोई राह नहीं। वह उस अनिश्चितता के साथ जीता है जो राष्ट्र की सोच में रम जाती है।

जब युद्ध का कोई निश्चित समय होता है, तो समाज संगठित होता है और उबरता है। जब नहीं तो होता, तो अर्थव्यवस्था और भावनाएं उसी के अनुरूप आकार लेने लगती हैं। यदि सफलता को परिभाषित न किया जाए, तो वह कभी प्राप्त ही नहीं होती। असफलता तब स्वाभाविक प्रक्रिया बन जाती है।

**क्षमता का विरोधाभास :** संघर्ष समाप्त करने के लिए हमारे पास पहले से कहीं अधिक संसाधन हैं, फिर भी हम उन्हें समाप्त करने में असमर्थ हैं। ड्रोन, साइबर ऑपरेशन और सटीक हमले घोषित युद्ध से इतर दबाव डालने का जरिया बन गए हैं। हम अनिश्चित काल तक न तो शांति और न ही युद्ध की स्थिति बनाए रख सकते हैं। यह एक तरह का जाल है। क्षमता ने निर्णय लेने की शक्ति का स्थान ले लिया है। युद्ध रोकने को जवाबदेही की आवश्यकता पड़ती है। बताने की जरूरत पड़ती है कि क्या पाया और क्या खोया। इसके लिए जिम्मेवारी लेने की जरूरत होती है। किसी नतीजे की घोषणा करने के मुकाबले में यह कह देना आसान है कि परिस्थिति स्वरूप बदल रही है।

**बल का मापन :** बल प्रयोग स्पष्टता और उद्देश्य के साथ किया जाए। लेकिन इसकी वैधता विवेक पर आधारित है। यदि एक थप्पड़ ही काफी है, तो लाठी क्यों? यदि उद्देश्य सुधारना है, तो एक व्यक्ति की गलती के लिए पूरे वर्ग को दंड क्यों? बुनियादी ढांचा युद्धक्षेत्र नहीं होता। यह समाज की जीवनधारा होता है। इस पर चोट करने से आप युद्ध को आकार नहीं दे रहे, बल्कि भविष्य को सजा दे रहे हैं। बल का प्रत्येक प्रयोग न केवल लक्षितों पर, बल्कि खुद आरंभकर्ता पर भी असर छोड़ता है। अतिरेक स्मृति, धारणा और प्रतिरोध को आकार देता है। तात्कालिक जो भी लाभ होता है वह अक्सर वैधता में खो जाता है। संतुलित प्रतिक्रिया व्यवहार सुधारती है। अंधाधुंध प्रतिक्रिया पीढ़ियों को घाव देता है जो बार-बार लौट आते हैं।

**मानवता बतौर वैश्विक संसाधन :** कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और युद्धों ने एक सरल सत्य उजागर किया। किसी भी संकट का असर स्थानीय नहीं रह सकता। एक क्षेत्र में हो रहा युद्ध महाद्वीपों भर में भोजन, ईंधन, व्यापार और भरोसे को बाधित कर देता है। मानवता अब परम वैश्विक साझा संसाधन है। यह घोषणाओं पर नहीं, बल्कि कृत्यों में संयम पर टिकी है।

## आज का राशिफल

### मेष

संपति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### वृष

राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मिथुन

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

### कर्क

मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### सिंह

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### कन्या

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

### तुला

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### वृश्चिक

दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### धनु

कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

### मकर

कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### कुंभ

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### मीन

चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज भीगे अंजीर खाने से सेहत को मिलेंगे यह फायदे

अंजीर को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसलिए अधिकतर लोग अपनी डाइट में अंजीर को शामिल भी करते हैं। आपको बता दें कि अंजीर में एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, जिंक, मैंगनीज, मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक ततव पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप नियमित रूप से अंजीर का सेवन करेंगे, तो हमेशा फिट और हेल्दी बने रह सकते हैं। वैसे तो आप अंजीर का सेवन किसी भी तरह से कर सकते हैं। लेकिन अंजीर को भिगोकर खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। जी हां, अंजीर को भिगोकर खाने से शरीर इसके पोषक तत्वों को आसानी से अवशोषित कर लेता है। भीगे हुए अंजीर खाने से वजन को कम करने में मदद मिल सकती है, भीगे अंजीर पेट के लिए लाभकारी होते हैं।



### हार्ट हेल्थ में सुधार करे

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह हृदय स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है।अंजीर शरीर में ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं का प्रमुख कारण है।

### हड्डियों को बनाए मजबूत

अंजीर में कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, पोटैशियम पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व हड्डियों की तंदुरुस्ती के लिए बेहद जरूरी होते हैं। ये सभी पोषक तत्व आपके हड्डियों को मजबूत बनाते हैं।

### प्रजनन क्षमता बढ़ाए

जैसे कि हमने आपको पहले ही बताया कि अंजीर जिंक, मैंगनीज, मैग्नीशियम और आयरन जैसे खनिजों का भंडार है। यह सभी तत्व प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर हार्मोन असंतुलन और पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं में भी काफी कारगर है। महिलाओं को कमजोरी में भी अंजीर खाने की सलाह दी जाती है।

### वजन घटाने में मददगार

अंजीर में कॉपर, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इन पोषक तत्वों की मदद से आपका मेटाबॉलिज्म बिल्कुल सही रहता है। इसके अलावा अंजीर में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। अंजीर आपकी कैलोरी की मात्रा को भी नियंत्रित करता है। इसलिए अगर अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो अंजीर को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

# जरूरत से ज्यादा तारीफ करने और अच्छा बोलने से भी बिगड़ सकते हैं बच्चे, माता-पिता रखें इन बातों का ध्यान

तारीफ एक पॉजिटिव रिएक्शन है, जो आप किसी के कुछ अच्छा करने पर ही देते हैं। कई बार बच्चों का मन रखने के लिए, उनमें कॉन्फिडेंस जगाने के लिए और उनके उत्साहवर्धन के लिए हम उनकी तारीफ करते हैं। ज्यादातर बच्चों पर तारीफ का असर भी पड़ता है और इससे उन्हें फायदा भी मिलता है। लेकिन कुछ मामलों में बच्चों की ज्यादा तरीफ करना गलत भी हो सकता है। कई बार ज्यादा तारीफ कर देने से बच्चे ओवर कॉन्फिडेंट हो जाते हैं या फिर इस बात के लिए आश्वस्त हो जाते हैं कि वो कुछ गड़बड़ करेंगे, तो माता-पिता के मन में उनके प्रति विश्वास के कारण वे उन्हें कुछ नहीं बोलेंगे। इसलिए बच्चों की तरीफ करते समय मां-बाप को बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए।



**काम की तरीफ करें, करने वाले की नहीं :** बच्चों के सामने तारीफ करते समय आपको ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे का कॉन्फिडेंस भी बढ़े और वो ओवर-कॉन्फिडेंट भी न हो। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप हमेशा काम की तरीफ करें, न कि करने वाले की। जैसे-मान लीजिए आपके बच्चे ने घर की साफ-सफाई की, तो आपको उसे बार-बार अच्छा और महान बताकर नहीं, बल्कि ये बोलकर तारीफ करनी चाहिए कि उसने अच्छी तरह सफाई की है और यही सफाई का सही तरीका है। कुल मिलाकर काम के प्रॉसेस की तारीफ करें, न कि करने वाले की।

**सबके सामने अच्छा न कहें :** इसी तरह कुछ मां-बाप दोस्तों और रिश्तेदारों के सामने ही बच्चों को बहुत अच्छा, बहुत शांत, बहुत प्यारा, बहुत ईमानदार, बहुत पढ़ाकू आदि बोलकर तारीफ करते हैं। ये ऐसी बातें हैं, जो समय और उम्र के साथ बदलती रहती हैं, इसलिए इन बातों की तरीफ करने का कोई अर्थ नहीं है। हां, अगर बच्चा सामने नहीं है, तब आप ऐसा बोल सकते हैं। दरअसल होता यह है कि जब आप बच्चे के सामने ही उसे किसी चीज में बहुत परफेक्ट, बहुत अच्छा बताते हैं, खासकर क्वालिटीज के मामले में, तो उसमें ये ओवर-कॉन्फिडेंस आ जाता है कि अगर वो थोड़ी गड़बड़ भी कर देगा तो कोई नहीं मानेगा। इसलिए ऐसी तारीफ करने से भी बचें।

**झूठी तारीफ कभी न करें :** कुछ मां-बाप अपने बच्चों को ज्यादा अच्छा दिखाने के लिए दूसरों के सामने उनकी झूठी तारीफ करने लगते हैं। या फिर बच्चे का मनोबल बढ़ाने के लिए जरूरत से ज्यादा और बढ़ा-चढ़ाकर तारीफ करने लगते हैं। ये आदत भी बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए नुकसानदायक है। इससे बच्चों के अंदर सीखने, समझने की क्षमता कम हो जाती है।

**तुलनात्मक तारीफ न करें :** कभी भी बच्चों की तुलनात्मक तारीफ नहीं करनी चाहिए। तुलनात्मक तारीफ का मतलब है कि बच्चे के सामने ही किसी दूसरे बच्चे से उसकी तुलना करते हुए तारीफ करना। इस तरह की तारीफ का असर बच्चे के मस्तिष्क पर नकारात्मक पड़ता है। इसलिए अपने बच्चे की तुलना न तो उसके सामने, न ही उसके पीठ पीछे, किसी अन्य बच्चे से करें और न ही उसे स्वयं ऐसा करने दें।

**सिर्फ उसी बात की तारीफ करें, जिस पर बच्चे का कंट्रोल हो :** कुछ चीजें बच्चे करके सीखते हैं और कुछ चीजें अपने आप सीख जाते हैं। इसलिए आपको बच्चों की उन्हीं बातों की तारीफ करनी चाहिए, जिसमें उनसे स्वयं प्रयास किया हो यानी स्वयं एफर्ट डाला हो। ऐसी चीजों की तारीफ बिल्कुल न करें, जिसे बच्चे ने दूसरों की सहायता से किया है या जो अपने आप हो गया है।

# दांत में लगे कीड़े और बदबू से निजात दिलाएगा यह आयुर्वेदिक मंजन, ऐसे करें तैयार

रोजाना ब्रश करने के बाद भी हमारे दांत पीले रहते हैं। कई बार तो मुंह से बदबू भी आने लगती है और ध्यान देने के बाद भी कीड़े लग जाते हैं। साथ ही साथ पीले दांत न सिर्फ हमारी पर्सनालिटी बिगाड़ने का काम करते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे नहीं माने जाते हैं। हालांकि, बाजार में दांतों का पीलापन दूर करने के लिए कई तरह के टूथ पाउडर मिलते हैं, लेकिन इसमें प्लास्टिक और टॉक्सिन जैसे केमिकल मौजूद होते हैं जो दांतों के लिए ज्यादा फायदेमंद नहीं होते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि हर्बल या आयुर्वेदिक मंजन का इस्तेमाल किया जाए। वैसे तो मार्केट में कई तरह के आयुर्वेदिक मंजन मिल जाते हैं, पर पता नहीं क्यों हमें इत्मिनान नहीं होता और इसकी क्वालिटी पर शक होता है।

**नीम का दातुन दांतों के लिए है फायदेमंद :** नीम औषधीय गुण से भरपूर होता है, जिसमें एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। यही वजह है कि इसका इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। अगर आप कीड़े लगने की समस्या से परेशान हैं, तो नीम के दातुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। नीम के दातुन कई तरह की मार्केट में मिलती है, मगर आप पतली टहनी या छाल वाली नीम खरीदें और रोजाना इस्तेमाल करें। इससे दांत मजबूत बनते हैं और दांतों का दर्द भी आसानी से ठीक हो जाता है।



**अमरूद के पत्ते दांतों के लिए हैं फायदेमंद :** पहले जब दांतों में कीड़ा लग या दर्द का एहसास होता था...तो सरसों का तेल और नमक लगाया जाता था और अमरूद के पत्ते का इस्तेमाल किया जाता था। समय के साथ अमरूद के पत्ते बंद कर दिए, लेकिन इसके फायदे बहुत ज्यादा हैं। अमरूद के पत्ते दांतों में कीड़ा लगने से बचाने का काम करते हैं। अगर आप इनका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो अमरूद के पत्तों को तोड़कर छोटे टुकड़े में काट लें। अब इन पत्तों को गर्म पानी में उबालें और पानी को ठंडा करने के बाद कुल्ला करें। यह दांतों में कीड़ा नहीं लगता है और कैविटी भी दूर होती है।

**दांत के दर्द से छुटकारा दिलाएगी लौंग :** लौंग का इस्तेमाल आमतौर पर खाने में किया जाता है। पर अगर आप दर्द से परेशान हैं, तो लौंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। लौंग को दांतों के बीच दबाया जा सकता है या लौंग को नमक के साथ मिलाकर लगाया जाता है। वहीं, अगर आप चाहें तो लौंग का तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## बालिका शौचालय का करवाया निर्माण



निसं

**सांडवा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेडा में सुप्रीम फाउंडेशन की ओर से बालिका शौचालय का नया निर्माण कराया गया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क नोटबुक्स वितरित की गई। इस सराहनीय पहल के लिए सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी बजरंग लाल तापड़िया एवं महावीर प्रसाद तापड़िया का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। साथ ही फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा, बीदासर तहसील के कोऑर्डिनेटर दीपक कौशिक एवं योगेश कुमार सिंगोदिया का भी विशेष धन्यवाद दिया। इस नेक कार्य के लिए समस्त विद्यालय परिवार ने सुप्रीम फाउंडेशन का हृदय से आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रिंसिपल पुराराम गोदारा, मोहनलाल नायक, रामगोपाल मीना, तोलाराम मेघवाल, दशरथ, रामकिशन गोदारा, बुधराम मेघवाल, सुरेन्द्र कुमार तंवर, बीरबल राम, शंकर लाल मीना, सावित्री मैडम का भी विशेष धन्यवाद, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास निश्चित ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम हैं।

## सड़क के घटिया निर्माण की जाँच की मांग



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** बिसाऊ नगर पालिका के वार्ड 19, नत्थू सिकलिगर की दुकान से शीतला चौक तक की सड़क के घटिया निर्माण की जाँच को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिसाऊ से मिला। माकपा नेता कॉमरेड महिपाल पूनिया ने बताया कि वार्ड 19 में नत्थू सिकलिगर की दुकान से शीतला चौक तक सड़क निर्माण गत माह नगर पालिका द्वारा किया गया था लेकिन सड़क निर्माण कार्य में ना गुणवता का ख्याल रखा गया और ना ही सड़क की मोटाई नियम सम्मत की गई। इस बाबत मैंने कई बार दूरभाष पर भी ईओ को सड़क के घटिया निर्माण की बात बतायी थी लेकिन अभी तक इस सड़क की जाँच विभाग द्वारा नहीं कराई गई है । इसलिए ईओ को चेतावनी दी की इस सड़क की जाँच तुरंत करवाकर निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करें अन्यथा बिसाऊ की जनता को परेशान होकर सड़क पर आना होगा। इस अवसर पर अमित शेखावत, नौजवान सभा के जिला उपाध्यक्ष साहिल खान प्रतिनिधि मण्डल में शामिल रहे।

## श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेवा भारती समिति जयपुर के तत्वावधान में श्रीराम-जानकी सर्वजातीय 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को जानकी नवमी के अबूझ सावे पर अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगा। इस वर्ष 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। आयोजन समिति अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि अब तक 12 समाजों के 42 जोड़ों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें दो अंतरजातीय जोड़े शामिल हैं। पंजीकरण 10 अप्रैल तक जारी रहेगा। समिति घर जैसे माहौल में विवाह की सभी रीति रिवाज वैदिक पद्धति से कराएगी। सभी जोड़ों को सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, बर्तन उपहार में दिए जाएंगे। विवाह प्रमाण पत्र हाथों-हाथ दिया जाएगा। इसलिए अधिक से अधिक अभिभावकों को इसमें पंजीयन कराकर लाभ उठाना चाहिए। सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद, प्रांतीय अध्यक्ष सुमनलता बंसल, प्रांत मंत्री गिरधारी लाल शर्मा, संयोजक नवल बगड़िया के मार्गदर्शन में सेवा भारती के 150 से अधिक कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव दंपतियों को राज्य सरकार की ओर से वधु के नाम 18 हजार रूपए की एफडीआर कराई जाएगी। अंतरजातीय जोड़ों को नियमानुसार राशि दी जाएगी। इसके अलावा समिति की ओर से पलंग, गद्दा, बेडशीट, तकिए, चौकी, बर्तन सेट, स्टील टंकी, कलश, थाली सेट, परात, प्रेशर कुकर, भगोने, कढ़ाई, टिप्पन, बाल्टी, पंखा, सिलाई मशीन, प्रेस, लोहे का बक्सा, घड़ी, दुल्हन बेस, श्रृंगार सामग्री, 11 साड़ियां, पायजेब, बिछिया, नाक कांटा, बालियां, मंगलसूत्र, धार्मिक साहित्य, श्रीराम-जानकी की फोटो दी जाएगी। श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के संयोजक नवल बगड़िया ने बताया कि समाज में बढ़ते विवाह खर्चों कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर शहर में वर्ष 2025 तक 574 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जा चुका है जबकि पूरे राजस्थान में 33 स्थानों पर कुल 2691 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में विवाह जैसे पवित्र संस्कार का खर्च कई परिवारों के लिए चिंता का विषय बन गया है, जिससे समय पर बेटियों के विवाह में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। गत 14 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रीराम-जानकी सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा निर्धन परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान किया जाता है बल्कि सामाजिक समरसता एवं एकता का संदेश भी समाज में प्रसारित होता है।

## रक्तदान शिविर आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबाराव फुले एवं बाबासाहेब डॉ बी.आर. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर प्रभारी अशोक वर्मा राधाकिशनपुरा ने बताया कि सीआर मैना मैरिज गार्डन जयपुर-झुंझुनू बाइपास रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक आयोजित किया जायेगा। शिविर में श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय ब्लड सेन्टर टीम द्वारा रक्त संग्रहण कार्य किया जाएगा।

# बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में न्यायिक अधिकारियों ने दी जानकारी

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार मंगलवार को ट्रांसफॉरमेटिव ट्यूजडे राज्यव्यापी अभियान के तहत सुजानगढ़ के नया बास स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसीजेएम विकास गजराज मौजूद रहे। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता इलियास खां, एडवोकेट मोहम्मद दयान, संस्था निदेशक रतन सेन, प्रिंसिपल संतोष सिगर मंचस्थ रहे। इस अवसर पर एसीजेएम विकास गजराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को साइबर खतरों से डरना नहीं है, उनसे बचाव हेतु जागरूक रहना है। गजराज ने बताया कि साइबर दुर्व्यवहार हो, तो आप के परिवारजनों को, टीचर्स को जरूर बताना चाहिए ताकि साइबर प्रताड़ना को जल्द से जल्द रोका जा सके। हमेशा ध्यान रहे कि मोबाइल में सक्रॉलिंग और क्लिक करने से पहले सोचो, आनलाइन सुरक्षित रहो, क्योंकि इंटरनेट सब कुछ याद रखता है। फोन व इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझ कर ही करें। एवरग्रीन स्कूल के निदेशक रतन सेन ने आभार व्यक्त किया। चंदनमल गहलोत, देवांश सेन, बेबी स्वामी ने अतिथियों को माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। संचालन पीएलवी विजयपाल श्योराण ने किया। इसी प्रकार भंवरलाल लाल काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के अध्यक्ष एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी रहे। विशिष्ट अतिथि वंदना कंवर, सचिव तालुका विधिक सेवा समिति रहे। एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि खुद को साइबर रूप से सुरक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करना, अपमानजनक मीम व एडिटेड फोटो, आनलाइन पीछा करना, निजी जानकारी मांगना, ब्लैकमेल करना और आनलाइन दबाव डालना ये सभी साइबर अपराध के रूप में दंडनीय हो सकते हैं, इसलिए सदैव जागरूक रहें। इस दौरान काला बाल मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल सैनिक, उपप्रधानाचार्य अर्चना सैनिक, शिवशरण, संपत, चंपा, नेहा आदि मौजूद रहे।

## हर घर में गूंजेगी अर्थ सहित हनुमान चालीसा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर घर में हो अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा अभियान के तहत मंगलवार को पिया वाले बालाजी मंदिर में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगा लिया। मंदिर परिसर में एक स्वर में गूंजती चौपाइयों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी श्रद्धालुओं को अर्थ सहित हनुमान चालीसा की पुस्तक वितरित की गई। इस अवसर पर संत अमरनाथ महाराज ने तुलसीदास सदा हरि चेरा, कीजे नाथ हृदय माँह डेरा चौपाई का महत्व बताते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब उसे अर्थ और भाव के साथ पढ़ा जाए। उन्होंने कहा कि केवल पाठ ही नहीं बल्कि उसके संदेश को आत्मसात करना ही सच्ची भक्ति है। समिति के सुरेंद्र कुमावत ने बताया कि अभियान के माध्यम से निरंतर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक हनुमान चालीसा का संदेश पहुंचे और समाज में धर्म, संस्कार और भक्ति की भावना सुदृढ़ हो। इस अवसर पर बिरदी चंद जांगिड़, रामावतार पालीवाल, भगवान सहाय कुमावत, प्रेम चंद कुमावत, राधेश्याम किरोड़ीवाल, गोपी चंद किरोड़ीवाल, नरेन्द्र कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## छात्रों को साइबर सुरक्षा से संबंधित दी कानूनी जानकारी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर के निर्देशानुसार एवं गीता पाठक, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (एडीजे), श्रीमाधोपुर के निर्देशन में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम का आयोजन गीता पाठक, एडीजे श्रीमाधोपुर, अधिवक्ता रामकिशन सैनी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हांसपुर, श्रीमाधोपुर, अनूप कुमार, एसीजेएम क्रम-1, श्रीमाधोपुर, पैनल अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांगल भीम, श्रीमाधोपुर एवं रेशमा जानवानी एसीजेएम क्रम-2, श्रीमाधोपुर, पैनल अधिवक्ता भारत भूषण द्वारा पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में साइबर सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण द्वारा विद्यालय में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के कार्यक्रम में विद्यालयों में उपस्थित छात्राओं को साइबर सुरक्षा के संबंध में थिंक बिफोर यू क्लिक, स्टे सेफ ऑनलाइन एद इंटरनेट रिमेंबर्स एवरीथिंग एवं साइबर दुर्व्यवहार, ऑनलाईन गेंमिगं के खतरे, डिजीटल अरेस्ट, बाल अश्लील सामग्री और ऑनलाइन यौन शोषण आदि के बारे में जानकारी दी गयी। एडीजे गीता पाठक ने बताया कि साइबर दुर्व्यवहार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए गंभीर समस्या हैं। आत्मविश्वास, प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकता है। मोबाइल की लत, सोशल मीडिया का गलत उपयोग, ऑनलाईन गेमिंग की लत और हानिकारक कंटेट बच्चों की दिनचर्या और मानसिक संतुलन बिगाड रहे हैं। बच्चों को तकनीक का सही उपयोग करना चाहिए। अपनी निजता और सम्मान की रक्षा करनी चाहिए एवं बिना डरे आवाज उठानी चाहिए और तुरंत शिकायत करनी चाहिए। इस अवसर में राजकीय विद्यालयों का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रतिभाओं का सम्मान, भामाशाह द्वारा घोषणाओं की बौछार



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गांव बांय के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मंगलवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षा के टॉपर छात्र-छात्राओं और नवीन प्रवेशी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जाने-माने भामाशाह एलडी सरावगी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रथम तीन विद्यार्थियों नैना, यशवीर व नसरीन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। भामाशाह सरावगी ने इन विद्यार्थियों को दुपट्टा पहनाकर, शिक्षण सामग्री और नकद राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही कक्षा 5 और 8 के टॉपर छात्र-छात्राओं का भी उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भामाशाह सरावगी ने आगामी सत्र के लिए बड़ी घोषणाएं कीं।

उन्होंने घोषणा की कि आगामी सत्र में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए टीन शेड हेतु 1 लाख रुपये, कंप्यूटर और इन्वर्टर आदि उपलब्ध कराने का संकल्प भी लिया।

सत्र की शुरुआत के साथ ही विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले लगभग 25 छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान नेमीचन्द गुर्जर व लीलाधर प्रजापत की ओर से बच्चों को लड्डू वितरित किए गए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश मान ने बताया कि कार्यक्रम में गांव के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। जिनमें नेमीचन्द गुर्जर, लीलाधर प्रजापत, गोविन्द झोदकासिया, अमरचन्द जोशी, सत्यनारायण मित्तल, दलीप सिंह बिका, सदीक खां, अमर सिंह गुर्जर एवं भीमसेन प्रजापत सहित समस्त स्टाफ सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन महावीर प्रसाद गौड़ द्वारा किया गया।

# ग्रामीण स्कूल ने मेहनत से लिखी सफलता की कहानी, बिना व्याख्याताओं के 12वीं में शत प्रतिशत परिणाम

## संसाधनों की कमी लेकिन हौसलों की जीत

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** ग्रामीण अंचल की प्रतिभा एक बार फिर चमकी है। सरदारशहर के दुलरासर गांव स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। खास बात यह है कि यह सफलता बिना व्याख्याताओं के हासिल हुई, जहां सेकेंड ग्रेड और थर्ड ग्रेड शिक्षकों ने ही विद्यार्थियों को पढ़ाकर यह मुकाम दिलाया। कक्षा 12वीं आर्ट्स वर्ग में मीनाक्षी पारीक ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं निहारिका कंवर 94.40, मधु कंवर 94.20, विनिता पारीक 90.40 और भैरवी पारीक 90.40ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया।

### संसाधनों की कमी लेकिन हौसलों की जीत

प्रधानाचार्य प्रहलादराय मीणा ने बताया कि विद्यालय वर्ष 2022 में 10वीं से क्रमोन्नत होकर उच्च माध्यमिक बना लेकिन आज तक व्याख्याताओं के पद स्वीकृत ही नहीं किए गए। इसके अलावा हिंदी और गणित विषय के वरिष्ठ अध्यापकों के पद भी रिक्त चल रहे हैं। वर्तमान में 11 शिक्षकों के स्टाफ के बावजूद कम से कम 6 व्याख्याताओं की आवश्यकता है। इसके बावजूद स्कूल स्टाफ ने हार नहीं मानी और मेहनत के दम पर यह परिणाम संभव कर दिखाया।

### अतिरिक्त मेहनत बनी सफलता की कुंजी

विद्यालय के शिक्षक विजय पोटलिया ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों की सफलता के लिए विशेष रणनीति अपनाई। नियमित एक्स्ट्रा क्लासेज लगाई गई। हर विषय के 4-4 प्री-बोर्ड एग्जाम आयोजित किए गए। मध्यावधि और शीतकालीन अवकाश में भी पढ़ाई जारी रखी गई। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष मोटिवेशन और मार्गदर्शन दिया गया। इसी अनुशासित तैयारी का परिणाम रहा कि पूरा विद्यालय 100 प्रतिशत रिजल्ट देने में सफल रहा।

### शिक्षकों और गांव का संयुक्त प्रयास

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही दिशा और अवसर देने की होती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्टाफ और छात्राओं की मेहनत ने यह साबित कर दिया है। ग्राम सरपंच नानूराम पारीक ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, छात्राओं के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। गांव की बेटियों ने पूरे क्षेत्र में दुलरासर का नाम रोशन किया है।

### प्रोत्साहन योजना बनी प्रेरणा

विद्यालय के अध्यापक विजय पोटलिया द्वारा वर्ष 2018 से चलाई जा रही प्रोत्साहन योजना भी छात्राओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बनी हुई है। इसके तहत बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाली छात्राओं को नकद पुरस्कार दिए जाते हैं जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक 11000, 90 प्रतिशत से अधिक 5100, 85 प्रतिशत से अधिक 3100, 80 प्रतिशत से अधिक 2100 व 75 प्रतिशत से अधिक 1100। यह पहल लगातार बेहतर परिणामों में अहम भूमिका निभा रही है। उल्लेखनीय है कि विजय पोटलिया पिछले 14 वर्षों से शिक्षक संघ शेखावत के जिला अध्यक्ष भी हैं।

### विद्यालय स्टाफ का योगदान

इस उपलब्धि के पीछे प्रधानाचार्य प्रहलादराय मीणा के नेतृत्व में पूरे स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें किशोर कुमार सैनी, भंवरलाल गोदारा, निर्मला कुमारी, मुकेश शर्मा, पन्नालाल शर्मा, शंकर सिंह, नितिश कुमार स्वामी, चंद्रकला देहडू और संदीप कुमार सारण सहित सभी शिक्षक शामिल हैं। दुलरासर का यह परिणाम सिर्फ एक परीक्षा का आंकड़ा नहीं बल्कि यह संदेश है कि यदि समर्पण और सही मार्गदर्शन हो तो संसाधनों की कमी भी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बनती। ग्रामीण बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं।

### स्कूल प्रशासन ने बालिकाओं का गांव में निकाला जुलूस

यूं तो आमतौर पर प्राइवेट स्कूल एडमिशन बढ़ाने के लिए अपने स्कूलों का प्रचार प्रसार करते हैं और टॉपर्स विद्यार्थियों के साथ जुलूस निकाला जाता है। लेकिन दुलरासर गांव के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का और उनके अभिभावकों का हौसला बढ़ाने के लिए गांव में डीजे के साथ जुलूस निकाला गया।

शिक्षकों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों का हौसला बढ़ाएगा बल्कि सरकारी स्कूलों के नामांकन में भी व्रद्धि करेगा। अब उम्मीद है कि सरकार सरकारी स्कूल में खाली पड़े व्याख्याताओ के पद को भरेगी और आगामी रिजल्ट और भी शानदार होगा।

## हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम हुआ खुशनुमा

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में बदले मौसम का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं तथा ठंडी हवाओं की बयार से मौसम खुशनुमा बना हुआ है और गुलाबी ठंड का अहसास हुआ। सुबह के समय क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी भी हुई तथा बूंदाबांदी का दौर रूक रूक कर दिन भर जारी है।

मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट का असर क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। बदले मौसम के कारण किसान काफी चिंतित है। किसानों की तैयार फसल पर बरसात के कारण काफी नुकसान की संभावनाएं बनी हुई है।

# ट्रांसफॉर्मेटिव अभियान के तहत विधिक सेवा कार्यक्रम आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** साईबर दुर्व्यवहार के विषय पर लाडनूं क्षेत्र में न्यायिक अधिकारीगण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश आरिफ खान चायल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा में साईबर दुर्व्यवहार विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर बालकों को ऑनलाईन सुरक्षा एवं साइबर दुरूपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थीयों को इंटरनेट और सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें तथा साइबर बुलिंग, फर्जी एकाउंट, ऑनलाईन धोखाधड़ी और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के खतरों से कैसे बचें एवं संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक को सूचित करें। पैनल अधिवक्ता गजानंद शर्मा तथा अधिवक्ता मुन्नालाल टाक ने भी इस विषय पर सायबर अपराध की जानकारी देते हुए बचने के उपाय बताये। इसी विषय पर नीलम मीणा, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा राजकीय केशर देवी सेठी बालिका उमा विद्यालय लाडनूं में किया गया जिसमें विद्यार्थियों को मोबाईल व इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लोगों से दूरी बनाये रखने तथा किसी भी समस्या होने पर तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को ऑनलाइन ठगी के नये-नये तरीको, फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी, लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करे तथा अपनी बैंकिंग तथा निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## अस्थमा रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं हैं ये योगासन और प्राणायाम सांसों की समस्या करते हैं दूर

तेजी से बढ़ते प्रदूषण की वजह से अस्थमा की समस्या बढ़ रही है। हवा से फैलने वाली एलर्जी, जैसे परागकण, धूल के कण, पालतू जानवरों की डेंड्रफ या क्रॉकरोच के मल से भी अस्थमा हो सकता है। अस्थमा में मरीज को सांस लेने में समस्या होने के साथ ही कमजोरी, छाती में दर्द और बुखार जैसी अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। प्रदूषण और स्मॉग की वजह से सांस लेने में होने वाली परेशानी से बचने के लिए आप कुछ योगासनों की मदद ले सकते हैं।





### भ्रामरी प्राणायाम

- सुखासन, अर्द्धपद्मासन या पद्मासन जैसे योगासन को करने के लिए सबसे पहले आरामदायक पोजिशन में बैठ जाएं।
- अपनी पीठ को सीधा करें और आंखों को बंद कर लें।
- हाथ के अंगूठे को कान के ऊपर रखें।
- फिर रिंग फिंगर को नाक के पास रखें, मिडल फिंगर को पलकों के ऊपर और इंडेक्स फिंगर को माथे पर रखें।
- अब गहरी सांस लें। सांस लेते समय  का उच्चारण करें।
- इस प्रक्रिया के दौरान मुंह को बंद रखें और  ध्वनि के कंपन को महसूस करें।

### सूर्य नाड़ी सोधन

- ये एक प्राचीन योग तकनीक है। इसका उपयोग सूर्य तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने के लिए किया जाता है, ये हमारे पूरे शरीर में कार्य करता है।
- इस तकनीक के अभ्यास से हमारे शरीर के भीतर कार्य करने वाला पूरा सौर चैनल पुनर्जीवित होकर फिर से सक्रिय हो जाता है।
- इसे करने के लिए दंडासन में बैठें, पीठ को सीधा रखें और गहरी सांस लें।
- सुखासन की स्थिति में रहते हुए, अपने पैरों को मोड़ लें और दिमाग को अभ्यास के लिए तैयार करें।
- एक आरामदायक पोजिशन जैसे सुखासन, वज्रासन, अर्द्धपद्मासन, पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाएं।
- पीठ को सीधा करें और आंखों को बंद कर लें।
- अपनी हथेलियों को घुटनों के ऊपर की तरह रखें।
- अंगूठे से बाईं नासिका को बंद करें और दाईं नासिका से सांस लें, अब इंडेक्स या मिडल फिंगर से दाईं नासिका को बंद करें और बाईं से सांस छोड़ें।
- सीधी तरफ से सांस लेकर उसे बाईं से छोड़ते हुए इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं।

### चंद्र नाड़ी शोधन

- इस आसन का अभ्यास करने के लिए दंडासन में बैठें, पीठ को सीधा रखें और गहरी सांस लें।
- सुखासन में रहते हुए अपने पैरों को मोड़ें और दिमाग को शांत करें।
- आंखों को बंद कर लें। अपनी हथेलियों को अपने घुटनों पर ऊपर की तरफ रखें।
- दाईं ओर की नासिका को बंद करने के लिए अंगूठे का प्रयोग करें।
- अपने बाईं नासिका से सांस लें।
- अब इंडेक्स या मिडल फिंगर से बाईं नासिका को बंद करें और दाईं से सांस को छोड़ें।

### भस्त्रिका प्राणायम

- इसे करने के लिए किसी भी आरामदायक पोजीशन में बैठ जाए।
- पीठ को सीधा रखें।
- आखों को बंद कर लें।
- हथेलियों को घुटनों के ऊपर प्राप्ति मुद्रा में रखें।
- गहरी सांस लें और कुछ समय बाद इसे पूरी तरह से बाहर निकाल दें।
- सांस लेने और छोड़ने का अनुपात बराबर रखें।
- उदाहरण के लिए अगर आप छह गिनने तक सांस ले रहे हैं तो सांस छोड़ने तक भी छह गिनें।

### कपालभाति

- किसी भी एक आरामदायक स्थिति में बैठें।
- पीठ को सीधा रखते हुए आंखें बंद करें।
- हथेलियों को घुटनों पर प्राप्ति मुद्रा में रखें।
- सामान्य तरीके से सांस लें, छोटी और लयबद्ध सांस पर ध्यान लगाते हुए इसे छोड़ें।
- फेफड़ों से हवा को पूरी तरह से बाहर निकालने के लिए अपने पेट का दबाएं।
- आप अपनी शारीरिक गतिविधि को बढ़ाकर और कुछ लाइफस्टाइल में बदलाव कर, अपने फेफड़ों को बीमार होने से बचा सकते हैं।



## गर्मी में घर से निकलने से पहले लगाएं ये फेस पैक, सनबर्न से बचेगी स्किन

तेज और चिलचिलाती धूप का सबसे ज्यादा असर हमारी त्वचा पर ही पड़ता है। इससे हमारी स्किन पूरी तरह से जल जाती है और डैमेज हो जाती है। धूप त्वचा के रंग को भी गहरा बना देती है। धूप में निकलने से त्वचा में जलन, खुजली जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

### चंदन पाउडर का फेस पैक

गर्मियों में चंदन फेस पैक लगाना काफी फायदेमंद होता है। चंदन स्किन को ठंडक देने में मदद करता है, साथ ही धूप से भी बचाव करता है। इसलिए गर्मी में घर से बाहर निकलने पर आप चंदन का फेस पैक लगा सकते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच चंदन का पाउडर लें, इसमें गुलाब जल मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे, गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। आप इस चंदन फेस पैक को रोजाना धूप में निकलने से पहले लगा सकते हैं। चंदन का फेस पैक लगाने से स्किन में नमी बनी रहती है। साथ ही धूप की वजह से होने वाली जलन, खुजली से भी राहत मिलती है। चंदन फेस पैक लगाने से दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। साथ ही सनबर्न, टैनिंग से भी बचाव होता है। गर्मियों के लिए यह एक बेहतरीन होममेड फेस पैक है, जिसे आप धूप में निकलने से आधे घंटे पहले लगा सकते हैं।

### पुदीना फेस पैक

पुदीना का पानी पीना फायदेमंद होता है। दरअसल, पुदीने के तासीर ठंडी होती है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। आप चाहें तो त्वचा को ठंडक देने के लिए भी पुदीने का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए आप पुदीना की पत्तियों को मैश कर लें। इसे अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद त्वचा को साफ पानी से धो लें। जब आप धूप में निकलने वाले हैं, तो उससे पहले पुदीना फेस पैक को लगाना सबसे अधिक फायदेमंद होता है। पुदीना फेस पैक सभी स्किन टाइप के लिए कारगर होता है। इससे धूप की वजह से त्वचा पर होने वाली जलन और खुजली से राहत



मिलेगी। यह त्वचा की ड्रायनेस को भी कम करने में मदद करता है। धूप की वजह से होने वाले दाग-धब्बों और कालेपन को दूर करने के लिए भी पुदीने फेस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### खीरा फेस पैक

खीरा गर्मियों में खाना बेहद फायदेमंद होता है। लेकिन आप इसे अपनी समर स्किन केयर रुटीन में भी शामिल कर सकते हैं। अगर आपको धूप में जाना है, तो घर से निकलने से पहले आप खीरे से बना फेस पैक अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप एक खीरे को कद्दूकस कर लें। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद धो दें। आप चाहें तो खीरे के टुकड़ों को आंखों पर भी रख सकते हैं। खीरा फेस पैक लगाने से स्किन पूरे दिन हाइड्रेट रहेगी। धूप से स्किन ड्राय और बेजान नहीं होगी। इसके अलावा खीरा त्वचा को सनबर्न से बचाता है। मुहांसों और सूजन को कम करने में मदद करता है। साथ ही त्वचा में निखार भी लाता है। धूप में निकलने से पहले चेहरे पर खीरा लगाने से फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से भी बचाव होता है। स्किन ग्लोइंग, चमकदार और कूल बनी रहती है।



### तरबूज का फेस पैक

तरबूज गर्मियों का मौसमी फल है। यह बॉडी को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। अगर आप चाहें तो तरबूज को अपने चेहरे पर भी लगा सकते हैं। इससे स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद मिलती है। अगर आप धूप में अधिक समय रहते हैं, तो तरबूज से अपनी स्किन को हाइड्रेट कर सकती है। इसके लिए आप तरबूज का रस निकाल लें। इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद साफ पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा को ठंडक मिलेगी। आप धूप में निकलने से पहले तरबूज का फेस पैक अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे त्वचा सनबर्न से बचेगी। स्किन हाइड्रेट रहेगी और ग्लोइंग बनेगी। तरबूज त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान से बचाता है। आप तरबूज को अपनी समर डाइट में भी शामिल कर सकते हैं। इससे बॉडी और स्किन दोनों हाइड्रेट रहेगी।

## तेजी से वजन घटाने के लिए रोजाना खाएं अनानास, इन तरीकों से करें खाने में शामिल

अनानास एक ट्रॉपिकल फ्रूट है जो हेल्थ के लिए कई फायदो के साथ आता है। पोषक तत्वों का भंडार, अनानास वजन घटाने सहित हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद है। अनानास के स्लाइस में कम कैलोरी और डायट्री फाइबर होते हैं। अगर आप जल्द से जल्द वेट लॉस करना चाहते हैं तो यहां जानें की कैसे अनानास आपकी मदद कर सकता है। अनानास में ब्रोमलिन पाया जाता है। ब्रोमलिन ऐसा एंजाइम है जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करता है। इसके अलावा अनानास में फाइबर होता है। इसमें मैग्नीशियम, बीटा केरोटिन, थाइमीन भी होता है, जो कि दिल के लिए अच्छा माना जाता है। ये फल हड्डी को मजबूत करता है और साथ ही ये शरीर में इम्यूनिटी को भी बढ़ाता है।

**अनानास कैसे करता है वजन घटाने में मदद :** अनानास में थायमिन,



बी12, फोलेट, कॉपर और डायट्री फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। अनानास पाचन में सुधार करता है और इसलिए आपको एक फिट शरीर देता है। इसके अलावा, इस फल में 87% पानी है जो इसे कम कैलोरी वाला खामा बनाता है। रिपोर्ट्स की मानें तो 100 ग्राम अनानास में 50 कॉल हैं। जिन लोगों को वेट लॉस के दौरान मीठा खाने की क्रेविंग होती है। उनके लिए ये फल बेहतरीन है। क्योंकि यह कैलोरी और कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाए बिना आपके शरीर को फाइबर और मिनरल्स देता है। अनानास में एंजाइम ब्रोमेलैन होता है जो फूड कॉम्पोनेंट्स को तोड़ने के लिए जाना जाता है, जो पाचन और हेल्दी शरीर के वजन को बनाए रखने में मदद करता है। यह आपके मेटाबॉलिज्म को तेज कर सकता है और फैट लॉस को बढ़ा सकता है। हालांकि आपको इसको खाने की मात्रा पर ध्यान देना होगा।

**सलाद में कर सकते हैं शामिल :** आप हमेशा अपने सलाद में अनानास के टुकड़े और यहां तक कि सब्जियों को भी उस तीखे स्वाद के लिए शामिल कर सकते हैं। चाहें तो गाजर, किशमिश और अनानास के सलाद को खा सकते हैं या फिर हरी सब्जियों में अनानास को शामिल कर सकते हैं।

**पाइनएप्पल ओटमील :** हर कोई जानता है कि ओट्स आपकी कैलोरी को मैनेज करता है। आप ओट्स को सामान्य रूप से बेक करें। जब ओट्स पक जाने वाले हों और स्थिरता में नरम हो जाएं, तो अनानास के कुछ टुकड़े डालें। ये बेली फैट बर्न करने के लिए अच्छा ऑप्शन है।

**अनानास का जूस :** गर्मी के मौसम में जूस से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। अनानास के ताजे टुकड़े, सिरका, नीबू का रस और थोड़ा सा नमक लेकर जूस तैयार करें और फिर इसे पीएं।

**अनानास का स्मूदी :** अनानास से बनी एक स्मूदी डिटॉक्स करने में मददगार हो सकती है। अनानास के टुकड़ों को लें और फिर अपनी पसंद के अनुसार नारियल, केला या सेब जैसे फलों को मिलाएं। इसमें पानी, बर्फ, दही, अदरक, कुछ बादाम डालकर भी बना सकते हैं। मिक्सर ग्राइंडर में मुलायम होने तक पीस लें। स्मूदी तैयार है ।

**रोस्टेड पाइनएप्पल :** जब फैट बर्न करने की बात आती है तो आप मन कुछ ज्यादा मिचलने लगता है और ऐसे में तरह-तरह की चीजों को खाने का मन करता है। ऐसे में रोस्टेड पाइनएप्पल आपको खूब पसंद आएंगे।

## कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने पर इन बीमारियों का बढ़ जाता है रिस्क



बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल की समस्या को आमतौर पर लोग काफी हल्के में लेते हैं, जबकि यह कई अन्य बीमारियों की वजह बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक तरह का मोमी पदार्थ होता है, जो ब्लड में पाया जाता है और यह शरीर के लिए आवश्यक भी होता है। हालांकि, यह ध्यान रखने की जरूरत होती है कि शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल नहीं, बल्कि गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़नी चाहिए। लेकिन उम्र, वजन, खान-पान, जेनेटिक्स, दवाओं के सेवन या लाइफस्टाइल के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लगती है। जिसके कारण व्यक्ति को अन्य भी कई तरह के रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ जाता है कोरोनरी हार्ट डिसीज का खतरा

अक्सर हम सभी ने यह सुना है कि हाई कोलेस्ट्रॉल आपके दिल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। दरअसल, इससे कोरोनरी हार्ट डिसीज का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल का अधिक स्तर होने पर वह आपकी धमनियों की दीवारों में जमा हो सकता है। समय के साथ, यह बिल्डअप धमनियों के सख्त होने का कारण बनता है। जिसके चलते धमनियां कुछ एरिया से संकीर्ण हो सकती हैं, जिससे हार्ट की मसल्स तक सही तरह से फ्लो नहीं हो पाता है। ब्लड फ्लो कम होने से सीने में दर्द हो सकता है या दिल का दौरा पड़ सकता है।



### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है स्ट्रोक का खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल होने पर स्ट्रोक का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। दरअसल, हाई कोलेस्ट्रॉल सिर्फ हार्ट तक ही नहीं, बल्कि मस्तिष्क तक जाने वाली धमनियों को भी ब्लॉक कर देती हैं। जब मस्तिष्क तक सही तरह से ब्लड फ्लो नहीं हो पाता है तो ऐसे में स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है। यह स्थिति यकीनन काफी घातक साबित हो सकती है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है किडनी फेलियर का खतरा

कभी-कभी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर किडनी पर भी उसका खतरा मंडराता है।

किडनी(किडनी को सेहतमंद रखने के टिप्स)फेलियर के कई कारण हो सकते हैं और हाई कोलेस्ट्रॉल उनमें से एक मुख्य वजह है। दरअसल, कोलेस्ट्रॉल लेवल अधिक होने पर किडनी से जुड़ी ब्लड वेसल्स में प्लाक का निर्माण होता है। जिसके कारण वहां पर ब्लड की सप्लाई सही ढंग से नहीं हो पाती है और फिर किडनी पर इसका असर नजर आता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है पेरिफेरल आर्टरी डिजीज का खतरा

पेरिफेरल आर्टरी डिजीज के बारे में बहुत से लोगों को जानकारी नहीं होती है, लेकिन यह भी आपके कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल से कनेक्टेड है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें प्लॉक के कारण धमनियां ब्लॉक होने लगती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से ब्लड का फ्लो नहीं हो पाता है। यह समस्या होने पर दिल का दौरा या स्ट्रोक होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

कोलेस्ट्रॉल का लेवल लगातार बढ़ा हुआ रहने पर आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब धमनियां संकरी हो जाती हैं, तो हार्ट के लिए अन्य बॉडी पार्ट्स में सही तरह से ब्लड सर्कुलेशन करना काफी मुश्किल हो जाता है। जिसके कारण आपके दिल को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है और इस स्थिति में ब्लड प्रेशर भी सामान्य से अधिक हो जाता है।

# सालासर बालाजी मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सालासर बालाजी मंदिर में हाल ही में मोबाईल से फोटो खींचने की बात को लेकर श्रद्धालुओं के साथ बाउंसर्स द्वारा की गई मारपीट का प्रकरण अब तूल पकड़ता जा रहा है। लोग मांग करने लगे हैं कि सरकार मंदिर को अपने अधीन लेकर इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाए और मंदिर में आने वाले समस्त चांदी, सोने और चढ़ावे के पैसे को जनहित में खर्च किया जावे। इस मामले को लेकर सुजानगढ़ के उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने सालासर मंदिर में वीआईपी दर्शनो के नाम पर जनता के साथ खुली लूट करने के आरोप लगाए। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए लोगों ने हनुमान सेवा समिति को भंग करने और मंदिर को देवस्थान विभाग में शामिल करने के नारे लगाए। साथ ही मंदिर परिसर में गुंडागर्दी को बंद करने, श्रद्धालुओं को धमकाना बंद करने, मारपीट करने वाले बाउंसर्स को जेल में डाले जाने, मंदिर में आने वाले समस्त प्रकार के सोने, चांदी, चढ़ावे और नगदी के हिसाब को प्रत्येक साल जनता के समक्ष सार्वजनिक कर इसे जनहित में खर्च किए जाने की मांगे भी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वक्त की गई। सीएम भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि आम जनता के साथ सालासर में वर्ग विशेष के लोग अत्याचार करते हैं और ये लोग दोनो पार्टियों में अपनी राजनीति करते हुए आम जनता की आवाज को दबाते हुए मनमर्जी कर जनता से वीआईपी दर्शन के नाम पर बड़े रूपए एंठते हैं। जबकि मंदिर परिसर में इन्हें सरकार और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा लगवानी चाहिए थी। ज्ञापन सौंपते वक्त एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने बताया कि कोई श्रद्धालु अपने साथ हुए अन्याय का प्रतिकार करता है, तो उसे एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे की धमकी देकर उससे माफी मंगवाई जाती है। आखिर कब तक लोग दबाव में आकर मार खाते रहेंगे और माफी मांगते रहेंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि मांगों पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई तो 13 अप्रेल से मंदिर परिसर के सामने ही धरना शुरू किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बताया गया है कि रविवार को हुई मारपीट की घटना के बाद श्रद्धालुओं को ही दबाव में लेकर मामला रफा दफा करवा दिया गया। जबकि मंदिर कमेटी में एससीए एसटीए ओबीसी वर्ग के लोगों को पर्याप्त संख्या में सदस्य नहीं बनाया जाता। इसलिए जल्द से जल्द इस मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेकर सरकार इसका संचालन करे। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, डीवाईएफआई के दीनदयाल गुलेरिया, मदनलाल, साबिर चौहान, जगदेव बेड़ा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, शिवपालसिंह, इन्द्रचंद, गंगाधर मूंड, दिनेश, छोटू, गौरीशंकर, सागर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### मंदिर प्रबंध कमेटी ने जारी किया स्पष्टीकरण :

दूसरी ओर मामले को लेकर बालाजी मंदिर प्रबंध कमेटी की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि जो विडियो फेसबुक और शोसल मीडिया में वायरल किया गया है, वो एक तरफा और अधूरा है। सम्पूर्ण विडियो सीसीटीवी का देखने पर सामने आया कि श्रद्धालुओं ने महिला गार्ड के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया था, जिसके प्रमाण पुलिस को दिए गए हैं और सम्बंधित श्रद्धालुओं ने भी माफी मांग ली है। कमेटी ने इस प्रकार की घटना पर खेद जताया है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। हालांकि विडियो में साफ नजर आ रहा है कि एक महिला गार्ड सबसे पहले श्रद्धालु को थप्पड़ मारती है और उसके बाद विवाद बढकर मारपीट का रूप ले लेता है। वहीं इस घटना के दौरान एक टप भी सुरक्षा गार्डों की ओर फेंका जाना विडियो में नजर आ रहा है।

### एसडीएम ने थमाया हनुमान सेवा समिति को नोटिस :

सालासर बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ बाउंसरों द्वारा की गई रही मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटनाओं को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने इस संबंध में श्री हनुमान सेवा समिति को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उपखंड अधिकारी ने अपने नोटिस में समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। नोटिस में एसडीएम ने कहा कि बाउंसरों के ऐसे कृत्यों से सालासर मंदिर की पवित्र छवि खराब हो रही है। इन घटनाओं के कारण मीडिया और जनता द्वारा प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नोटिस में एसडीएम ने पूछा है कि ये गार्ड और बाउंसर किस एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं और उन्हें क्या निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने नोटिस में बताया है कि बाउंसरों द्वारा भक्तों के साथ किए जा रहे व्यवहार से व्यथित होकर आमजन अब मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात करने और व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रशासन के हाथ में लेने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हनुमान सेवा समिति को 2 दिन का समय दिया है। इस अवधि में समिति को बाउंसरों की नियुक्ति प्रक्रिया, एजेंसी का विवरण और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुधारों पर लिखित जवाब पेश करना होगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार आवश्यक है, अन्यथा प्रशासन को कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

## साइकिल पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** खरतवासिया राउमा विद्यालय में राज्य सरकार की ओर से कक्षा 9 में गत सत्र में पढ़ने वाली 13 बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण की गई। मुख्य अतिथि समग्र शिक्षा चूरू की अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सरिता आत्रे ने छात्राओं को साइकिलें वितरित की। इस अवसर पर समसा के अतिरिक्त प्रोजेक्ट समन्वयक जीतेन्द्र सैनी, प्रधानाचार्य देवकरण सिंह, सुमन, व्याख्याता मुन्नी कंवर, ब्रह्मानंद, वरिष्ठ अध्यापक रामकरण, भगवाना राम, इंदिरा मीणा, सुशील कुमार स्वामी, चंद्रकला, रामसिंह राठौड़, सुरेंद्र कुमार, बनवारी लाल, प्रदीप कुमार, विकास सांगवान, नरेश कुमार, सोमवीर बजरंग लाल, जसवंत कुमार उपस्थित रहे।

## बच्चन गिरी महाराज की कुटिया के मुख्य रास्ते पर लकड़िया लगाकर रास्ता अवरुद्ध

निसं



**मलसीसर (नवयत्न)।** दुलपुरा रोड स्थित बाबा प्रेम गिरि महाराज के मठ के अधीन बच्चन गिरी महाराज की कुटिया के मुख्य रास्ते पर लकड़िया लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया। जिसको खुलवाने को लेकर उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।

बाबा सेवागिरी ने बताया कि दुलीचंद पुत्र गुरुदयाल व उसके परिवार के द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया। जिस वजह से श्रद्धालुओं को मन्दिर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुलचंद अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है आए दिन श्रद्धालुओं के साथ गाली-गलौज करता है तथा हाथपाई करने पर उतारू हो जाता है। इस संबंध में श्रद्धालुओं के द्वारा पूर्व में मामला भी दर्ज करवाया गया था। प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका है बगीची के बाहर की जमीन पर दुलीचंद के द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है।

जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद अतिक्रमणकारी आए दिन मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशान करता रहता है। दोपहर के समय महिलाएं मन्दिर में कीर्तन करती है उनके साथ भी कई बार अभद्र व्यवहार कर चुका है।

प्रशासन के द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। प्रशासन से ग्रामीणों ने ऐसे व्यक्ति को पाबंद करने की अपील की। इस दौरान रतनलाल स्वामी, मोहम्मद अजीज, जितेंद्र स्वामी, असलम, राजेंद्र शेखावत, गोविंद सिंह उपस्थित रहे।

## मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर किया गांवों में जनसम्पर्क



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** पदम भूषण वीर सेनानायक परम विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह के मूर्ति अनावरण समारोह 21 अप्रैल सुबह सवा 10 बजे खेल स्टेडियम चूरू को सफल बनाने के लिए गौरव सेनानी संघ तारानगर के अध्यक्ष कैप्टन कल्याण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने मिखाला, घासला अगुना, झोटरा, पडरेउ ताल, पडरेउ टिब्बा, धीरवास छोटा, हरिपुरा, बनडा, देवगढ़, गोंडास सहित दो दर्जन गांवों का दौरा कर सैनिकों को आने का न्यौता दिया। इस अवसर पर कैप्टन दयाल सिंह राठौड़, नायब सूबेदार ओमप्रकाश दर्जी, हवलदार रामदत्त ज्यानी, कमांडो चुन्नीलाल सैनी सहित अन्य सैनिक दौरे पर रहे।

## अणुव्रत कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** मंगलवार को तेरापंथ धर्मसंघ के अधिशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण ने महाश्रमण विहार में दैनिक प्रवचन सभा में बंधुजन का असहयोग विषय को विवेचित करते हुए कहा कि धर्म एक महान तत्त्व है। धार्मिक जगत में कई सिद्धांत भी मिलते हैं। कर्मवाद का सिद्धांत धार्मिक जगत से प्राप्त होता है। कर्म उसी को फल देता है, जिसे उस कर्म को किया है। क्योंकि कर्म कर्ता का ही अनुगमन करता है। अणुव्रत कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्मेलन का पंच दिवसीय आयोजन हुआ। इस संदर्भ में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह दुगड़ व मंत्री मनोज सिंघवी ने अपनी अभिव्यक्ति दी। मंगलवार को तेज हवा व बरसात के कारण आचार्य महाश्रमण ने प्रवचन कार्यक्रम अपने प्रवास स्थल में ही समायोजित किया।

## कृषि पर्यवेक्षक एक हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की भिवाड़ी चौकी ने कार्रवाई करते हुए कृषि पर्यवेक्षक रामस्वरूप को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम पंचायत सिहाली खुर्द, तहसील मुंडावर, जिला खैरथल-तिजारा में पदस्थापित है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि वह अपने और परिवार के सदस्यों के लिए फव्वारा पाइप लाइन अनुदान हेतु राजस्थान किसान पोर्टल पर आवेदन कर चुका है। फाइल स्वीकृत कराने के लिए आरोपी रामस्वरूप ने पहले 2 हजार रुपए फोन-पे के जरिए लिए और बाद में 2 हजार 500 रुपए अतिरिक्त रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई की। उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में भिवाड़ी चौकी प्रभारी परमेश्वर लाल उप अधीक्षक पुलिस के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पहले 500 रुपए लेते हुए सत्यापन किया और मंगलवार को शेष 1000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल प्रकरण में आगे की जांच जारी है।

## दो दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण, फेलो सदस्यों का अभिनंदन एवं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग सम्पन्न

निसं




**नोखा (नवयत्न)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स का दो दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण, फेलो सदस्यों का अभिनंदन एवं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग दिनांक 4 और 5 अप्रैल को राज रिजॉर्ट नाकोड़ा में महावीर इंटरनेशनल केंद्र बालोतरा के आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रथम दिवस उद्घाटन सत् में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करते हुए महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम संयोजक सीए ओमप्रकाश बांठिया ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने की। उन्होंने कहा कि महावीर इंटरनेशनल का मूल मंत्र जीव दया एवं समर्पित सेवा भाव है तथा संस्था का प्रत्येक वीर वीरा निरंतर इस आंदोलन को गतिशील बनाए रखने हेतु प्रयत्नशील है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रकाशचंद्र टाटिया ने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन सेवा और मानवीय संवेदनशीलता से ही संभव है जिसे अपना कर वर्तमान परिस्थितियों के तनाव से उबर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महासचिव सोहनलाल बैद ने कहा कि सेवा के माध्यम से समाज के विघटन को रोका जा सकता है। नेतृत्व विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्षों व विभिन्न सेवा प्रकल्पों के निदेशकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर रणजीतसिंह कुंभट पूर्व आईएएस पूर्व सांसद पुष्प जैन पाली, वीर शांतिकुमार जैन पूर्व आईपीएस, वीर शांतिलाल कावड़, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-5 राजेंद्रसिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किये। रात्रि कार्यक्रमों में लोकगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पदमश्री सम्मानित रूमा देवी ने भी अपने जीवन वृतांत सुनाते हुए नारी शक्ति से निर्भय होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आवाहन किया। दूसरे दिन गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग सम्पन्न हुई जिसमें गत बैठक में लिए गए प्रस्तावों की अनुमोदना के साथ-साथ संस्था हित में आगामी विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। नोखा केंद्र के चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत के नेतृत्व में ईश्वरचंद दूगड़, बाबूलाल कांकरिया, रामेश्वरलाल छींपा, निर्मल कुमार, भूराएसीए पंकज चांडक, वीरा केंद्र चेयरपर्सन सरला अग्रवाल, ललिता मंत्री, मंजू हीरावत, शारदादेवी दूगड़, पदम कंवर राठौड़, अंजू हीरावत, जय श्री भूरा, मीनाक्षी चितलंगी सहित 15 सदस्यों ने सहभागिता की।

## चिट्टे, अफीम के अवैध कारोबार पर लगाम की मांग

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** शहर में बढ़ते चिट्टा, चरस, गांजा, अफीम, एमडी जैसे नशीले मादक पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कारवाई की मांग को लेकर चूरू की ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान ने चूरू एसपी दफतर के आगे प्रदर्शन किया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने एसपी निश्चय प्रसाद एम को ज्ञापन सौपा। जिलाध्यक्ष संजय खान घांघु ने बताया कि गत 4-5 वर्षों में चिट्टा जैसे घातक नशीला केमिकल की जद में शहर के 15 से 20 वर्ष की युवा पीढ़ी शिकंजे में है। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा चिट्टे जैसा घातक नशे का कारोबार शहर में खुलेआम होने की वजह से काफी युवा इसकी चपेट में आ चुके हैं कई बच्चें पैसे की चाह में तस्करी कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नशे के आदि बच्चें चोरियां करए घरवालों से मारपीट एवं आए दिन झगड़ा फसाद व किसी भी हद तक जाने को तैयार हो रहे है। संजय खान ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस के कुछ लोग भी मिले हुए है जिन पर समय रहते करवाई नहीं हुई तो हमें कठोर कदम उठाना होगा। संस्थान ने अल्टीमेटम देतें हुए कहा अगर समय रहते शहर में नशा तस्करों के खिलाफ एक्शन नहीं होता है तो बड़े स्तर पर शहर में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है की शहर में पुलिस की प्रभावी कारवाई ना होने के चलते कई गुप्त स्थानों पर नशे का बड़ा खेल खेला जा रहा है और युवा पीढ़ी को इस नशा तस्करी के खेल में धकेला जा रहा है।

## राष्ट्रीय जाट महासभा ने किया केवटी विधायक का स्वागत



निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। सालासर रोड स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेश कार्यालय में बिहार के दरभंगा जिले की केवटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ मुरारी मोहन झा का सम्मान किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलका के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ मुरारी मोहन झा के साथ उनका परिवार भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ राम सती कुमारी, जो सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाती हैं, भी मौजूद रहीं। उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता शशि मोहन पुत्र शशिधर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक झा ने कहा कि राजस्थान के धार्मिक स्थलों की यात्रा कर आनंद की अनुभूति हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कीलक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ मुरारी मोहन झा ने अपने क्षेत्र में जनसेवा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना संगठन का कर्तव्य है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी विधायक के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान रामनारायण सारण, अशोक कीलक, मुकेश कीलक, हरि भामू मौजूद रहे।

## जवाहर कला केन्द्र का 33वां स्थापना दिवस : तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव आज से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर कला केन्द्र के 33 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 8 से 10 अप्रैल तक विभिन्न कलात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय भव्य समारोह में पहले दिन बुधवार 8 अप्रैल को बाल कलाकारों की प्रस्तुतिया आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव एवं जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अनुराधा गोगीया ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बुधवार को बाल लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां सब के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि बुधवार 8 अप्रैल को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभाकार में सायं 6:00 बजे से रंगायन सभागार में गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत शिक्षा पा रहे विभिन्न अंचलों के बाल लोक कलाकारों द्वारा डांडी गैर, शेखावाटी चंग, पारंपरिक मांगलिक गीत एवं पारंपरिक नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। ताल वाद्य कचहरी का आयोजन 9 अप्रैल को होगा और 10 अप्रैल को फिल्म प्रदर्शन एवं वाद्य वादन, घूमर नृत्य, भवाई नृत्य एवं डेरु नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। अतिरिक्त महानिदेशक अनुराधा गोगिया ने बताया कि जवाहर कला केंद्र में 9 अप्रैल 2026 को सायं 7:30 बजे से रंगायन सभागार में ताल वाद्य कचहरी का मुजफ्फर रहमान एवं समूह द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार 10 अप्रैल 2026 को प्रात: 10:00 बजे रंगायन सभागार में बाल फिल्म सोसाइटी ऑफइंडिया द्वारा फिल्म प्रदर्शन एवं सायं 6:30 बजे से वाद्य वादन, घूमर नृत्य, भवाई नृत्य एवं डेरु नृत्य का विभिन्न कलाकार समूहों द्वारा जवाहर कला केन्द्र में प्रस्तुति दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सभी विशिष्ट एवं आमजन को आमंत्रित किया गया है तथा प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## विधानसभा गेट के पास हादसा : श्वानों को बचाने के प्रयास में कार पोल से टकराई

जयपुर (नवयत्न)। ज्योति नगर थाना क्षेत्र में विधानसभा के मुख्य द्वार के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी की पुत्री आस्था चौधरी चला रही थीं। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार कार अंबेडकर सर्किल से एमएलए क्वार्टर की ओर जा रही थी। विधानसभा गेट के पास सड़क पर अचानक चार-पांच श्वान आ जाने से चालक ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, जिससे वाहन पर नियंत्रण खो गया और कार ट्रैफिक सिग्नल पोल व पेड़ से जा टकराई।

## श्रीमद्भागवत कथा कल से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्यपीठ श्री सरस निकुंज में आचार्य महामुनीन्द्र भगवान शुकदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 9 से 22 अप्रैल तक किया जाएगा। शुक संप्रदाय पीठाचार्य अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में श्रीधाम वृंदावन के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य मदन मोहन दास महाराज व्यासपीठ से कथा का रसपान कराएंगे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। कथा के दौरान देश-प्रदेश के संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा।

## लोहिया स्कूल के दो सगे भाइयों का व्याख्याता में चयन

**चिड़ावा (नवयत्न)।** लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल चिड़ावा के दो पूर्व छात्रों व सगे भाइयों का व्याख्याता पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। कुलदीप नेहरा व कपिल नेहरा पुत्र लादूराम नेहरा निवासी गांव लोदीपुरा के दो सगे भाइयों का व्याख्याता पद पर चयन हुआ है। संस्था चेयरमैन राम सिंह नेहरा ने बताया कि कपिल ने एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल गुजरात में व्याख्याता गणित के पद पर कार्य ग्रहण कर लिया है तथा आरपीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा में कुलदीप ने भौतिक विज्ञान व्याख्याता राजस्थान में 26वीं रैंक हासिल कर एक मुकाम हासिल किया है। दोनों छात्रों व उनके परिवार का लोहिया स्कूल प्रांगण में माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसीपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्य प्रमिला झाझड़िया, गुलजार खान, पूरणमल गजराज, हरिराम शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0**

क्रमांक:न0पा0नीम0/2026-27/75 दिनांक: 02.04.2026

**ई निविदा सूचना क्रमांक 01 व 09/2026-27**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुबंध पर आवश्यक सेवायें ली जाने/विभिन्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड एवं अपलोड http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर डाउनलोड किये जा सकते है। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 05.04.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की NIB code DLB2627A0086 यूबीएन DLB2627WSRC00220, DLB2627WSRC00226, DLB2627WSRC00232, DLB2627WSRC00233, DLB2627WSRC00234, DLB2627WSRC00237, DLB2627WSRC00240, DLB2627WSRC00245 व DLB2627WSRC00242 हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना

राज.संवाद/सी/26/400

**कार्यालय नगर पालिका लक्ष्मणगढ सीकर**

क्रमांक:- नपाल/2026-27/18-20 दिनांक:- 01.04.2026

**ऑफलाईन निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से नगर पालिका लक्ष्मणगढ क्षेत्र में निम्नलिखित सामान क्रय,दर संविदा एवं सेवायें प्राप्त किये जाने हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में बोली आमंत्रित की जाती है। बोली प्रपत्र का विक्रय दिनांक 02.04.2026 से प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 09.04.2026 सांयकाल 5:00 बजे तक किया जावेगा। जिन्हे दिनांक 10.04.2026 को प्रात : 12:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिवस दोपहर 1.00 बजे बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। बोली सूचना/बोली प्रपत्र http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी डाउनलोड की जा सकती है:-

UBN No.( NIB code DLB2627A0024

UBN is: DLB2627SSOB00067, DLB2627GSOB00068, DLB2627GSOB00069, DLB2627SSOB00070, DLB2627SSOB00071, DLB2627SSOB00075, DLB2627WSOB00078, DLB2627GSOB00079

राज.संवाद/सी/26/409 अधिशाषी अधिकारी

# विश्व शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत सेवा संस्थान और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से महात्मा गांधी के दांडी मार्च और सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ने के दिवस पर जेएलएन मार्ग स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर विश्व शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन आयोजन किया गया। सभी ने गांधीजी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि की। इसके बाद सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मौके पर कहा कि यह आंदोलन सत्य, अहिंसा और जनशक्ति का अद्भुत उदाहरण था। आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जब विश्व अनेक चुनौतियों और तनावपूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा है, तब महात्मा गांधी के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। गांधीवादी कार्यकर्ता धर्मवीर कटेवा, राजीव अरोड़ा, जी एस बापना, प्रो. बी एम शर्मा, प्रो ध्यान सिंह, प्रो मोदानी, कुसुम जैन, प्रो शालनी सिंह, एस एस जोशी, हनुमान सहाय शर्मा, सीताराम, बनवारी लाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों रचनात्मक कार्यों में लगे बहुत सारे सामाजिक, राजनीतिक, सद्भावना, सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय महिला, पुरुष, नौजवान, विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने सामूहिक प्रार्थना कर विश्व में शांति, सौहार्द और मानव कल्याण की कामना की। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि समाज में प्रेम, भाईचारे और अहिंसा के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। भारत सेवा संस्थान, जयपुर के सचिव गिरधारी सिंह बापना ने बताया कि 12 मार्च से प्रारंभ हुए दांडी मार्च की स्मृति में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने सभी जिलों से अपील की कि इस प्रकार के आयोजन कर समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें। संत कुमार ने आभार व्यक्त किया।

# शिविरा पंचांग में अवकाश कटौती का विरोध

## शैक्षिक महासंघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षाद्ध ने शिविरा पंचांग में किए गए संशोधनों का कड़ा विरोध करते हुए शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर से मुलाकात कर त्वरित संशोधन की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा और उपाध्यक्ष उदयपुर संभाग अभय सिंह राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। महासंघ के प्रदेश महामंत्री लखारा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी शिविरा पंचांग में संशोधन कर शिक्षकों के अवकाश में कटौती की गई है, जिससे प्रदेशभर के शिक्षकों में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर जानबूझकर शिक्षक हितों की अनदेखी की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को बताया कि पहले ही शिक्षकों को अन्य विभागों की तुलना में कम अवकाश मिलते हैं, ऐसे में नए संशोधन से स्थिति और खराब हुई है। संस्थाप्रधान द्वारा अधिकृत अवकाश में भी कटौती से नाराजगी बढ़ी है। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने कहा कि संगठन ने अवकाश कटौती का विरोध करते हुए पुनः संशोधित पंचांग जारी करने की मांग की है। साथ ही सुझाव दिया गया कि यदि अवकाश में कटौती की जाती है तो शिक्षकों को भी अन्य कार्मिकों की तरह 30 पीएल प्रिविलेज लीव दी जाए। शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले में शीघ्र उचित समाधान किया जाएगा। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 9 अप्रैल को स्थायी कार्यसमिति की आपात वर्चुअल बैठक में आगामी रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, महिला उपाध्यक्ष सुषमा विश्नोई, प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह, महिला मंत्री गीता जैलिया, अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री बसंत जिंदल, कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अवकाश कटौती पर नाराजगी जताते हुए इसे शिक्षक हितों के खिलाफ बताया।

# मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी को लेकर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में वार्ड परिसीमन के बाद तैयार की गई मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी व अनियमितताओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने बताया कि सरकार द्वारा पूर्व में वार्डों का परिसीमन कराया गया था लेकिन नई मतदाता सूची बनाते समय इन नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि वार्ड 1 से 45 तक की ड्राफ्ट सूची में व्यापक त्रुटियां सामने आई हैं। विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा जब परिसीमन के अनुसार मतदाता सूची ही नहीं बनानी थी तो परिसीमन का क्या औचित्य रह जाता है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा मुख्य राज्य निर्वाचन आयुक्त को भी भेजी गई है।

इस दौरान जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, मंडल मंत्री हेमंत पंवार, भाजपा नेता जगजीत सिंह, रामगोपाल चौधरी, सुनील शर्मा, प्रदीप सैनी, कैलाश चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंशिका गुप्ता बनी मिस ग्लैम राजस्थान 2026 : ग्रैंड फिनाले में बिखेरा जलवा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के मानसरोवर स्थित अनंत महल रिसॉर्ट में ब्लैकरॉक मिस ग्लैम राजस्थान 2026 सीजन-1 के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन किया गया।

पहले ही सीजन में इस ब्यूटी पेजेंट ने बड़े मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई, जहां टॉप-40 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने रैंप पर डिजाइनर कलेक्शन पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक पवन टांक और कीर्ति टांक ने बताया कि इस पेजेंट का आयोजन मिस इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुई। विभिन्न चरणों के बाद चयनित टॉप-40 मॉडल्स ने ग्रैंड फिनाले में चार फैशन सीक्वेंस में अपनी प्रतिभा दिखाई। फैशन शो में वेस्टर्न आउटफिट्स का कलेक्शन वीरा लेबल बाय पीनल, डिजाइनर लहंगा कलेक्शन प्रीत कलेक्शन बाय ललित, साड़ी कलेक्शन रंगोली साड़ीज बाय संकल्प तथा बेला बीचवियर आउटफिट्स बाय ताहीर द्वारा प्रस्तुत किया गया। मॉडल्स का मेकओवर लैक्मे अकादमी लालकोठी ने किया, वहीं एसबीजे ज्वेलरी बाय बुलबुल अग्रवाल की आर्टिफिशियल ज्वेलरी ने रैंप की शोभा बढ़ाई। फिनाले में जूरी मेंबर के रूप में मिस इंडिया ग्लैम की विनर्स सौम्या गुप्ता, तन्नू सोलंकी, ख्वाहिश नायक, सौम्या शर्मा, ख्वाहिश सैनी, तमन्ना राव, हर्षिता वर्मा, नंदिनी परिहार, तमन्ना सारनानी, शीतल विश्वकर्मा, रिंकू चौधरी, हीना नामवानी और मुस्कान विजय मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जगदीश चंद्र उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों में सफारी होटल्स के ऑनर पवन गोयलए अनंत महल रिसॉर्ट के जीएम लोकेंद्र सिंह, ब्लैकरॉक ऑनर अमित सरीन और क्लब टेडी ऑनर अश्विन बेनीवाल शामिल रहे। दिव्यांशी जांगिड़ मिस ग्लैम राजस्थान ग्लोइंग स्किन 2026, राजलक्ष्मी शर्मा मिस ग्लैम राजस्थान कॉन्फिडेंट 2026, संजना भंडारी मिस ग्लैम राजस्थान ग्लैमरस लुक 2026, नंदिनी मीना मिस ग्लैम राजस्थान रेडिएंट स्माइल 2026, युक्ता वैष्णव मिस ग्लैम राजस्थान बेस्ट रैंपवॉक 2026, प्रगति भदौरिया मिस ग्लैम राजस्थान डायनामिक दीवा 2026, इशिका रावत मिस ग्लैम राजस्थान फैशनिस्टा 2026, गोरी गोस्वामी मिस ग्लैम राजस्थान मैग्नीमोस 2026, पूर्वी वर्मा मिस ग्लैम राजस्थान गुड़नेस एम्बेसडर 2026, प्रतीक्षा पूनिया मिस ग्लैम राजस्थान टैलेंटेड 2026, नव्या जैन मिस ग्लैम राजस्थान ब्लूमिंग ब्यूटी 2026, सुहानी शर्मा मिस ग्लैम राजस्थान विवाशियस 2026, शुभी मिस ग्लैम राजस्थान स्टाइल आइकन 2026, जसोदा सैनी मिस ग्लैम राजस्थान इंटेलीजेंट 2026, प्राची शर्मा मिस ग्लैम राजस्थान बेस्ट डांसर 2026, तमन्ना बड़गौती मिस ग्लैम राजस्थान राइजिंग दीवा 2026, पूनम कुमावत मिस ग्लैम राजस्थान बेस्ट पर्सनैलिटी 2026, निशिता चंदेल मिस ग्लैम राजस्थान फिटनेस फाइनेटिक 2026 को सब टाइटल्स देकर सम्मानित किया गया।

# शातिर चेन स्नैचर चढ़ा हत्थे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में बढ़ती चेन स्नेचिंग की वारदातों पर लगाम कसते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी ने एक शातिर बदमाश को दबोचने में सफलता हासिल की है । सीएसटी ने करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी चिरंजीत उर्फ रामचरण को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने सोने की एक चेन भी बरामद की है । फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी अपराध संजीव नैन अनुसार गिरफ्तार आरोपी चिरंजीत उर्फ चिरंजी 21 निवासी फागी जिला जयपुर का रहने वाला है । आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चेन स्नेचिंग और नकबजनी के 15 से अधिक आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। आरोपी इतना शातिर है कि उसने हाल ही में श्यामनगर थाना इलाके में भी चेन स्नैचिंग की एक वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मामला वहां दर्ज है।

# मौसम का बदला मिजाज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल चुका है। मंगलवार सुबह 9:30 बजे अचानक बारिश का दौर जारी रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है, वहीं कई स्थानों पर कटी हुई फसल खेतों में ही पड़ी हुई है। इसके साथ ही कई किसानों खेतों में गेहूं जौ की कटी हुई फसल खेतों में ही पड़ी हुई है।

ऐसे में लगातार बदलते मौसम और बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सुबह करीब 9:30 बजे से हल्की बारिश शुरू हो गई, जो 12 बजे तक बूंदाबांदी के रूप में जारी रही। मौसम में आए इस बदलाव के चलते क्षेत्र में ठंडी हवाएं भी चलने लगी हैं। मौसम को देखते हुए किसानों ने खेतों में पड़ी फसलों को मजदूर लगाकर जल्द से जल्द समेटने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल आदी लगाते हुए नजर आए। किसानों ने बताया कि दो-तीन दिन लगातार बरसात होने से गेहूं की बालियों में ही गेहूं अंकुरित हो जाने से चिंता बढ़ गई है, जिससे फसल की गुणवत्ता खराब हो जाती है और बाजार में उचित भाव नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि ने गेहूं खाने के काम आएगा न ही मंडी बाजार में ले जाने के काम आएगा। मंगलवार श्याम 7 बजे फिर तेज हवा के साथ तेज बरसात गरज.चमक के साथ शुरू हो गई।

# जयपुर रेंज की 21वीं अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की कार्यकुशलता और टीम भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर रेंज की 21वीं अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का भव्य शुभारंभ मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन, जयपुर ग्रामीण में किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन की मेजबानी जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था संजय कुमार अग्रवाल ने खेलकूद प्रतियोगिता के आगाज की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद सहित रेंज के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन जयपुर रेंज के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भव्य मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि का अभिवादन करते हुए पूरी खेल भावना के साथ खेलने की शपथ ली। इस प्रतियोगिता में रेंज के विभिन्न जिलों से कुल 329 पुलिसकर्मी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें 263 पुरुष और 66 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। रेंज स्तरीय इस आयोजन में वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, फूटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, कुश्ती, एथलेटिक्स और ताइक्वांडो सहित कुल 9 खेलों को शामिल किया गया है। खिलाड़ियों की सुविधा और खेल के मानकों को देखते हुए प्रतियोगिता के सभी मैचों का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय कुमार अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि इनसे आपसी समन्वय और बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली पूरी तरह टीम वर्क पर आधारित है और खेल इस टीम भावना को विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। इससे पूर्व रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने स्वागत उद्बोधन देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की व्यस्त ड्यूटी से समय निकालकर खेलों से जुड़ना सराहनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम के अंत में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान महानिरीक्षक राहुल प्रकाश द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 09 अप्रैल 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, जयपुर ग्रामीण में होगा। समापन समारोह में राजस्थान के महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

# एरिया डोमिनेशन अभियान : पुलिस ने 6 ठिकानों पर दबिश देकर 38 संदिग्धों को दबोचा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अपराधियों और गैंगस्टर्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया । पुलिस की अलग.अलग टीमों ने थाना क्षेत्र के करीब 6 संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर 38 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया ।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जिले में हार्डकोर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों, इनामी बदमाशों और वांछित मुल्जिमों की धरपकड़ के लिए सभी थाना अधिकारियों को निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद शर्मा के सुपरविजन में एयरपोर्ट थानाधिकारी रूपनारायण यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम ने सूचना तंत्र और आसूचना संकलन के आधार पर संदिग्धों के ठिकानों को चिन्हित किया । अभियान के दौरान पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 13 आरपीजीओ की कार्रवाई की और पिन्टेश कुमार 27 निवासी नारौली, भरतपुर, दिनेश चंद मीना 30 निवासी करवाड़ा, अलवर, अनुराग सैनी 25 निवासी तुगडवास, दौसा, लोकेश सैनी 19 निवासी तुगडवास, दौसा, योगेंद्र कुमार मीणा 29 निवासी पाडली खुर्द, करौली, ऋषिकेश मीणा 29 निवासी पाडली खुर्द, करौली, मुनेश कुमार मीणा 31 निवासी दौसाडा, दौसा, मदन लाल बैरवा 24 निवासी हणुत्या, सवाई माधोपुर, अनंत मोहन मीणा 32 निवासी झाडोदा, सवाई माधोपुर, प्रियांशु मीणा 18 निवासी भालपुर, दौसा, आदिल खान 21 निवासी समलेटी, दौसा, मजित सिंह मीणा 23 निवासी रामपुरा, अलवर, दिलखुश मीणा 19 निवासी मिर्राजापुरा, दौसा, मोहित मीणा 22 निवासी रामपुरा, अलवर, अनिल कुमार मीणा 21 निवासी छारेड़ा, दौसा, अजय कुमार मीणा 22 निवासी राहोरी, जयपुर, सचिन कुमार बैरवा 18 निवासी चादेरा, दौसा, महेंद्र कुमार मीणा 29 निवासी पापड़दा, दौसा, हितेश मीणा 22 निवासी बड़ावास, दौसा, शैतान कुमार बैरवा 21 निवासी बास गुडलिया, दौसा, जितेंद्र मीणा 21 निवासी बड़ावास, दौसा, सोनू योगी 24 निवासी कुजेला, करौली, लक्ष्मीनारायण 45 निवासी कोनेशा, करौली, हेमराज मीणा 21 निवासी गांधीनगर, भरतपुर, राहुल मीणा 20 निवासी गीजगढ़, दौसा, विकास गुर्जर 20 निवासी हाजमपुरा, टोंक, महेंद्र कुमार मीणा 24 निवासी किलपुर खेड़ा, अलवर, गणेश बैरवा 25 निवासी सिकराय, दौसा, महेश कुमार महावर 21 निवासी मुही, दौसा, रामलखन मीणा 25 निवासी हातोज, अलवर, सूरज महावर 26 निवासी सिकराय, दौसा, घनश्याम मीणा 21 निवासी जयसिंहपुरा, दौसा, मनीष कुमार मीणा 23 निवासी मोहनपुरा, दौसा, अशोक कुमार मीणा 30 निवासी छारेड़ा, दौसा, लवकुश मीणा 22 निवासी मोठियापुरा, धौलपुर, लक्ष्मण 22 निवासी सवाई माधोसिंहपुरा, जयपुर, विष्णु कुमार वर्मा 21 निवासी मिर्राजपुरा, सवाई माधोपुर तथा लखन लाल 28 निवासी सरस्वती नगर, जगतपुरा, जयपुर को गिरफ्तार किया है । पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी रूपनारायण यादव के साथ उपनिरीक्षक लटूर प्रसाद, सहायक उपनिरीक्षक मीठा लाल, कांस्टेबल ओमप्रकाश, लीलाराम, पहाड़ सिंह, सावरमल, अनिल कुमार, देशराज, मुकेश चंद, हरलाल, गोपाल और महिला कांस्टेबल अमिता शामिल रहीं ।

# कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देशानुसार तालुका स्तर पर कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक, विशिष्ट अतिथियों में अधिवक्ता मनीष शर्मा, अपर लोक अभियोजक जयकांत बिवाल तथा श्री हनुमान प्रबंधक समिति के अध्यक्ष वेद बालकृष्ण गोस्वामी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, ऑनलाइन गेम्स के दुष्प्रभाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग तथा फर्जी एवं एडिट की गई तस्वीरों के दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। तालुका अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से इन सभी विषयों को सरल तरीके से समझाया तथा बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी समझ का भी परीक्षण किया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है और हर क्लिक सोच-समझकर करना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मेघा शर्मा एवं उपप्राचार्य डॉ पवन कुमार चोटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधान अवकाश में कटौती का आदेश वापस लेने की मांग

निसं



तारानगर (नवयत्न)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीबीईओ तारानगर के माध्यम से अतिरिक्त शिक्षा सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधान के विवेकाधीन एक दिन के अवकाश में कटौती का आदेश वापस लेने की मांग की है। राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देकर ज्ञापन में मांग की गई कि मई-जून की भीषण गर्मी में जहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, इस अवस्था में पूर्ण पेयजल सप्लाई और समुचित ठंडक बैठक का अभाव रहता है जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव पड़ता है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल में उपशाखा अध्यक्ष लूणा राम खरड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष इंद्राज स्वामी, उपशाखा मंत्री विजय सिंह जाखड़, संयुक्त मंत्री मदन सहारण, विनोद कस्वां, गोपीचंद कस्वां, अविनाश गोदारा, चन्द्रशेखर कस्वां, जयसिंह, विनोद कुमार, राकेश खीचड़, राजेन्द्र धेतरवाल, मंगलचंद महला, समुन्द्र सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामनिवास धेतरवाल आरपी से वार्ता कर सीबीईओ कार्यलय स्तर पर एसीपी आदि बकाया प्रकरणों के निस्तारण की मांग की गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190